शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 36 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 02 मार्च 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'संदेशखाली: बहनों के साथ जो हुआ, उससे देश गुस्से में'

## मुझे टीएमसी दुश्मन नंबर बनाती है लेकिन मोदी उनकी गालियों से झुकने वाला नहीं है: मोदी



**कोलकाता**

**आगामी** लोकसाभा चुनावों की तारीखों के एलान से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के पश्चिम बंगाल दौरे पर पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल के आरामबाग से लोकसभा के लिए चुनाव प्रचार का आगाज किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मुझे टीएमसी दुश्मन नंबर बनाती है लेकिन मोदी उनकी गालियों से झुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि लूटने वालों को मैं छोड़ने वाला नहीं हूं।

**टीएमसी नेता ने बहनों-बेटियों के साथ दुस्साहस किया**

संदेशखाली मामले पर पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी के नेता ने संदेशखाली में बहनों-बेटियों के साथ दुस्साहस की सारी हदें पार कर दीं। जब संदेशखाली की बहनों ने अपनी आवाज बुलंद की, ममता दीदी से मदद मांगी, तो बदले में बंगाल सरकार ने टीएमसी नेता को बचाने के लिए पूरी शक्ति लगा दी। यह संदेशखाली की घटनाएं शर्म की बात है। लगभग दो माह तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया था। संदेशखाली की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया उसे देखकर पूरा देश गुस्से में है। मुझे यह देखकर शर्म आती है कि इंडिया गठंबधन के नेता संदेशखाली अत्याचारों पर चुप हैं। यहां तक केंद्रीय एजेंसियों को भी बंगाल में काम करने की इजाजत नहीं, टीएमसी उनकी कार्यप्रणाली के खिलाफ धरने पर बैठती है।

## '500 साल के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे'



**पीएम** मोदी ने जी-20 में कैसे भारत की जय-जयकार हुई, ये हम सबने देखा है। आज भारत स्पेस सेक्टर में अग्रणी बन रहा है। जो काम दुनिया का कोई देश नहीं कर पाया, वो हमारे चंद्रयान ने किया। आज स्पोर्ट्स के सेक्टर में भी भारत नए रिकॉर्ड बना रहा है। हम सभी का सौभाग्य है कि 5 सदियों के इंतजार के बाद 500 साल के बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की इन उपलब्धियों के बीच बंगाल की स्थिति भी आज पूरा देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि मेरी गारंटी है। मैं बंगाल के लोगों से वादा करता हूं कि लूटने वालों को लौटाना ही पड़ेगा, ये मोदी छोड़ने वाला नहीं है। मोदी इनकी गालियों और हमले से डरने वाला नहीं है। उन्होंन कहा कि जिसने गरीब को लूटा है, उसको लौटाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल आजादी के आंदोलन की प्रेरणा स्थली रही है। गुलामी के विरुद्ध प्रखर नेतृत्व देने वाली यहां की हर संतान का सपना था कि भारत विकास की नई ऊंचाई प्राप्त करे। और मैं कह सकता हूं कि आज का भारत उनके उसी सपने को पूरा कर रहा है!

## बंगाल के विकास में टीएमसी बाधक- पीएम मोदी



**टीएमसी** पर तीखा हमला करते हुए जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के विकास में टीएमसी पूरी तरह से बाधक है। टीएमसी ने राज्य के गरीबों के घर तक नहीं बनने दिए। यहां तक कि केंद्र की जनकल्याण योजनाओं को टीएमसी ने रोका। आरामबाग में आयोजित रैली में पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के लिए भ्रष्टाचारियों, परिवारवादियों और तुष्टिकरण करने वालों का साथ देना, यही एक काम बचा है और यही उनके लिए सबसे बड़ा काम है।

**'हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित करना'**

आरामबाग में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम सबने मिलकर 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है।

देश के गरीब, किसान, महिलाएं और युवा हमारी प्राथमिकता है। हमने गरीबों के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं और दुनिया इसका नतीजा देख रही है। इस बीच, शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पीएम मोदी की कोलकाता स्थित राजभवन में मुलाकात हो सकती है। एक अधिकारी ने इस बात की जानकारी दी। गौरतलब है कि पीएम मोदी पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वह हुगली और नादिया जिलों में दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

## उप्र के सभी जिलों में हर माह एनकॉर्ड की बैठक आयोजित करने के निर्देश

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने प्रदेश के सभी जनपदों में एनकॉर्ड की बैठक प्रत्येक माह अनिवार्य रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि जिन जिलों में प्रतिमाह बैठक आयोजित नहीं हो रही हैं, उन्हें प्रतिमाह बैठक आयोजित करने के लिये निर्देशित किया जाये। मुख्य सचिव शुक्रवार को एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जनपदों को नशा मुक्त बनाने के लिये विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हर जिले में हॉट-स्पॉट चिन्हित कर अवैध मादक पदार्थों के सेवन व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करायी जाये। स्मार्ट सिटीज में सोशल मीडिया, रेडियो तथा टेलीविजन आदि विभिन्न प्रचार माध्यमों से नशे के दुष्परिणामें के बारे में जागरूक किया जाये। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम प्रचार-प्रसार किसी निश्चित अवधि के अतिरिक्त वर्ष में त्रैमासिक रूप से नियमित संचालित कराया जाये। सार्वजनिक स्थानों पर नशे के दुष्परिणामें पर आधारित वॉल पेंटिंग्स करायी जाये और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाये। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध वर्ष 2024 में 737 अभियोग पंजीकृत, 907 व्यक्तियों की गिरफ्तारी और 4653.88 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी की गई। इसी प्रकार एएनटीएफ के द्वारा 115 अभियोग पंजीकृत, 301 अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा 12134.19 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी की गई। जनपद बरेली में अवैध दवाओं का गोदाम पकड़ा गया।

## महादेव ऐप : हवाला कारोबारी की 580 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में ताजा छापेमारी के बाद दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां एवं 3.64 करोड़ रुपये की नकदी व कीमती सामान जब्त किए। प्रवर्तन निदेशालय ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में दुबई के हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की प्रतिभूतियां और 3.64 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

## यूपी मंत्रिमंडल विस्तार जल्द

**बागपत**

उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार होने की चचाएं तेज हो गईं हैं। जहां दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक हुई तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि यूपी में जल्द ही मंत्रिमंडल का विस्तार होने वाला है। वहीं, मंत्रिमंडल में रालोद के एक विधायक को शामिल किया जा सकता है।

वैसे भी हाल ही में हुए राज्यसभा चुनाव में रालोद के सभी विधायकों ने भाजपा के प्रत्याशी के समर्थन में वोट किया था। माना जा रहा है कि यूपी मंत्रिमंडल विस्तार में आरएलडी के एक विधायक को मंत्री बनाया जा सकता है। कहा जा रहा है कि रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह मुस्लिम और गुर्जर चेहरे पर दांव खेलने की तैयारी में हैं। बताया गया कि आज यानी शुक्रवार को जेपी नड्डा और जयंत चौधरी की मुलाकात होगी। आज रालोद के साथ भाजपा का औपचारिक गठबंधन हो सकता है। सूत्र के अनुसार, भाजपा ने रालोद को बागपत, बिजनौर सीट दी है। यूपी में मंत्रिपरिषद विस्तार में रालोद के दो विधायक मंत्री बन सकते हैं। रालोद का एक कैबिनेट और एक राज्यमंत्री पद तय माना जा रहा है। सूत्र की मानें तो राजभर की पार्टी से सिर्फ राजभर मंत्री बनेंगे।



## आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई', सियासी दलों को एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली**

आगामी लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग (ईसीआई) ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों को एक एडवाइजरी जारी की। जिसमें उनसे चुनाव प्रचार के दौरान शिष्टाचार और संयम बनाने रखने व मुद्दों पर आधारित बहस की जरूरत पर जोर दिया गया। आयोग ने यह भी कहा कि जिन स्टार प्रचारकों या उम्मीदवारों को पहले भी नोटिस जारी किए गए, उन्हें आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। एडवाइजरी में कहा, सोशल मीडिया पर प्रतिद्वंद्वियों को बदनाम या अपमानित करने वाले या दूसरों की गरिमा को गिराने वाले पोस्ट साझा नहीं किए जाने चाहिए। आयोग ने राजनीतिक दलों को विभाजनकारी बयानबाजी से दूरे रहने के लिए भी कहा। एडवाइजरी में स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों पर विशेष जोर देते हुए उन्हें आदर्श आचार संहिता के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों उल्लंघनों के प्रति आगाह किया गया है। एडवाइजरी में कहा गया, चुनाव आयोग आगामी चुनाव में समय और सामग्री के संबंध में दिए जाने वाले नोटिस पर पुनर्विचार के लिए आचार संहिता के उल्लंघन का आकलन करेगा।

आयोग ने एडवाइजरी में चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने के लिए कई निर्देश जारी किए हैं, जैसे-जाति या सांप्रदायिक भावनाओं के आधार पर अपील न करने के लिए कहा गया है। ऐसी गतिविधियों में शामिल न होने के लिए कहा गया है, जो मतभेदों को बढ़ाती हैं या विभिन्न समूहों को आपस में दुश्मनी के लिए उकसाती हैं।




## बंगलूरू के कैफे में विस्फोट, 10 लोग घायल, सीएम बोले- आईडी ब्लास्ट हो सकता है



**बंगलूरू**

**बंगलूरू के** रामेश्वरम कैफे में विस्फोट हुआ है, जिसमें नौ लोग घायल हुए हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहले कहा था कि बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में गैस सिलिंडर विस्फोट नहीं, आईईडी ब्लास्ट हुआ है। हालांकि अब सीएम कह रहे हैं कि घटना के पीछे आईईडी ब्लास्ट हो सकता है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा, बताया जा रहा है कि यह आईईडी ब्लास्ट है। मामले की जांच जारी है। हमें अभी इंतजार करना होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रामेश्वरम कैफे में किसी ने एक बैग रखा था।

कैफे में ब्लास्ट की घटना के बाद व्हाइटफील्ड के फायर स्टेशन ने कहा कि हमें फोन आया कि रमेश्वरम कैफे में सिलेंडर विस्फोट हुआ है। हम मौके पर पहुंचे और हालात पर काबू पाने की कोशिश की। डॉग स्क्वॉड के साथ-साथ फॉरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम भी विस्फोट स्थल पर पहुंची और मौके से सबूत इकट्ठा किए। वहीं, रेस्तरां के एक सुरक्षा गार्ड ने बताया, "मैं कैफे के बाहर खड़ा था। रेस्तरां में कई ग्राहक मौजूद थे। अचानक जोरदार आवाज सुनाई दी और आग लग गई, जिससे होटल के अंदर मौजूद ग्राहक घायल हो गए। इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि शुक्रवार को रामेश्वरम कैफे में संदिग्ध एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट होने और आग लगने से कम से कम पांच लोग घायल हुए हैं। हालांकि अभी घायलों की सटीक संख्या की जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस ने कहा कि पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के बदौलत भारत की ऊर्जा खपत में लगभग 3.5 प्रतिशत की कमी आई : आरके सिंह

**नई दिल्ली,**

**ऊर्जा दक्षता** ब्यूरो (बीईई) एक बीईई के प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत की ऊर्जा खपत में लगभग 3.5 प्रतिशत की कमी आई है, जो हमारे जैसे देश के लिए बहुत बड़ी बात है। शुक्रवार को यहां उर्जा दक्षता ब्यूरो के 22 वें स्थापना दिवस के मौके पर केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा बीईई के प्रयासों से प्रति वर्ष 306 मिलियन टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई है।भारत सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को कम करने के अपने एनडीसी लक्ष्य को लक्ष्य से 11 साल पहले हासिल कर सका। बीईई की योजनाएं और कार्यक्रम नवोन्वेषी, विश्व-अग्रणी रहे हैं और दुनिया भर में उनकी नकल की जा रही है।'



## तेलंगाना के जहीराबाद के बीआरएस सांसद बीबी पाटिल भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव से पहले भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को एक और झटका लगा है। तेलंगाना के जहीराबाद लोकसभा क्षेत्र के बीआरएस सांसद बीबी पाटिल शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए।

भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर, डॉ. के लक्ष्मण और महासचिव तरुण चुघ की मौजूदगी में पाटिल ने भाजपा की सदस्यता ली। पाटिल ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों और पिछले दस साल के कार्यकाल से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़े हैं। मौजूदा सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान, महिलाओं के कल्याण के लिए और विकास के कार्य किए हैं।

इससे पहले गुरुवार को बीआरएस सांसद पोथुगंती रामुलु ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## कुरुक्षेत्र: मोदी की गारंटी बनाम राहुल का न्याय, कौन जीतेगा जनता का भरोसे

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनावों के लिए देश में दो तरह के मुद्दे हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का विकसित भारत और मोदी की गारंटी का नारा तो दूसरी तरफ कांग्रेस का पांच न्याय। 14 जनवरी से शुरू हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस इसे लोगों के बीच रख रही है, जो मणिपुर से शुरू होकर पूर्वोत्तर के राज्यों से होते हुए पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश होते हुए राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के रास्ते पर है।

विकसित भारत और मोदी की गारंटी जिसे खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नारे के रूप में हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में गढ़ा था और अब भाजपा ने उसे लोकसभा चुनावों के लिए अपना मुख्य नारा बना लिया है। इसके साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में संपन्न हुए राम मंदिर में श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के भव्य और दिव्य आयोजन से देश में जो राममय माहौल बना, भाजपा को उससे भी अपना चुनावी बेड़ा पार होने की उम्मीद है। हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में सपा व कांग्रेस में हुई क्रॉस वोटिंग से भाजपा ने जिस तरह अपने अतिरिक्त उम्मीदवारों को जिताया है वह उसकी आक्रामक और जीत के लिए कुछ भी कर गुजरने की रणनीति की ही एक बानगी है।

साथ ही जिस तरह विपक्षी इंडिया गठबंधन में बिखराव शुरू हुआ है और इसके सूत्रधार नीतीश कुमार वापस भाजपा के साथ चले गए और उन्होंने एक ही विधानसभा में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद और कुल नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रिकॉर्ड बना डाला है, उसने बिहार में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन में उम्मीद जता दी है कि वह 2024 में भी 2019 जैसी कामयाबी हासिल करेगा। इंडिया गठबंधन को दूसरा बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के नेता जयंत चौधरी ने दिया, जब उन्होंने अपने दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न मिलने के बाद इंडिया गठबंधन को नमस्ते करके एनडीए का दामन थाम लिया। जहां समाजवादी पार्टी ने रालोद को लोकसभा की सात सीटें दी थीं,

वहीं भाजपा से दो सीटें लेकर भी जयंत खुश हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि भाजपा के समर्थन से वह ये दोनों सीटें बिजनौर और बागपत जीत लेंगे। उधर प. बंगाल में ममता बनर्जी और जम्मू-कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला ने भी इंडिया गठबंधन में रहते हुए भी अकेले चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी भी पंजाब में अकेले चुनाव लड़ने और दिल्ली में कांग्रेस को महज एक सीटे देने की बात कर रही है।

जबकि कांग्रेस का सारा ध्यान राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर है और किसी भी राज्य में उसका अपने सहयोगी दलों के साथ सीटों की साझेदारी पर कोई निर्णय नहीं हो पाया है। इस सबसे उत्साहित भाजपा ने अबकी बार एनडीए के लिए चार सौ पार का नारा भी दे दिया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए चार सौ से ज्यादा सीटों का लक्ष्य तय किया है।



# यूपी बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक मामले में रद्द होगी मान्यता, मीटिंग में लिया गया फैसला

अखंड भारत संदेश



प्रयागराज। आगरा में इंटरमीडिएट की परीक्षा के दौरान वाट्सएप ग्रुप में पेपर भेजने के दूसरे दिन ही यूपी बोर्ड ने कड़ा एक्शन लिया है। आज शुक्रवार को प्रयागराज स्थित यूपी बोर्ड के मुख्यालय में इस संबंध में अहम बैठक आयोजित हुई। बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला की मौजूदगी में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि आगरा के श्री अतर सिंह इंटर कॉलेज की मान्यता समाप्त की जाएगी। दरअसल, कल (29 फरवरी) को आगरा के इसी कॉलेज से जीवन विज्ञान के पेपर वाट्सएप ग्रुप में डाले गए थे।इतना ही नहीं सचिव दिब्यकांत शुक्ल की ओर से स्पष्ट निर्देश भी दिए गए हैं कि यदि भविष्य में किसी भी विद्यालय द्वारा प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग किए जाने का प्रयास किया जाएगा तो उस विद्यालय की मान्यता तत्काल समाप्त कर दी जाएगी।

## ऑल प्रिंसिपल आगरा ग्रुप में डाला था पेपर

दरअसल, 29 फरवरी को दूसरी पाली की परीक्षा में इंटरमीडिएट के जीव विज्ञान विषय की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू हुई थी। परीक्षार्थी अपने अपने सेंटरों पर परीक्षा दे रहे थे। इसी बीच 3.11 बजे ह्लऑल प्रिंसिपल आगराह्व नाम के वाट्सएप ग्रुप में विनय चौधरी नाम के युवक ने जीव विज्ञान और गणित का पेपर डाल दिया था। लोगों ने उस पर कमेंट करना शुरू किया तो उसने तत्काल उसे डिलीट एवरीवन कर दिया। इसके बाद वह ग्रुप से भी लेफ्ट हो गया था। उधर, पेपर बाहर आते ही शिक्षा विभाग के आला अधिकारी भी हरकत में आ गए थे। इसके बाद गुरुवार की रात में ही श्री अतर सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक, केंद्र व्यवस्थापक को गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्य आरोपी विनय चौधरी व अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस जुटी हुई है।

## परीक्षा केंद्र पर सिर्फ स्टेटिक मजिस्ट्रेट को मोबाइल की अनुमति

बैठक में यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ल की ओर से प्रदेश के सभी डीआईओएस (जिला विद्यालय निरीक्षक) को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी व्यक्ति या स्टॉफ द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। सिर्फ स्टेटिक मजिस्ट्रेट ही मोबाइल का प्रयोग कर सकते हैं। यदि परीक्षा केंद्र पर किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल या अन्य संचार उपकरण का प्रयोग किया जाता है तो ऐसी स्थिति में स्टेटिक मजिस्ट्रेट का उत्तरदायित्व होगा कि वह संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएगा।

# इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हिंदू विवाह कानून में तलाक के आधार में संशोधन को बताया आवश्यक



प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक के आधार में संशोधन की आवश्यकता बताई है। कोर्ट ने कहा है कि वह विवाह जिसे पुनर्स्थापित नहीं किया जा सकता अथवा पूर्व की स्थिति में नहीं लाया जा सकता, उस पर विचार करने का समय है। इस टिप्पणी के साथ खंडपीठ ने कहा, ह्यचाहे प्रेम विवाह हो या परिवारिक सम्मति से, विभिन्न कारक रिश्ते को प्रभावित करते हैं। यह कहना जरूरी नहीं कि प्रत्येक क्रिया की समान प्रतिक्रिया होती है। प्रेम विवाह की तरह परिवारिक सम्मति से होने वाले विवाह भी विवाद का कारण बन रहे हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? पक्ष ऐसे रिश्ते को जारी रखने के इच्छुक नहीं हैं।न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ एक डाक्टर की अपील पर सुनवाई कर रही थी। डाक्टर ने लगभग 30 वर्षों तक भारतीय सेना में भी सेवा की है। फैमिली कोर्ट ने उसे अपनी पत्नी को जो वरिष्ठ डाक्टर है, तलाक देने की अनुमति देने से इन्कार कर दिया था। 2007 में हुई यह दूसरी शादी थी। 2015 में तलाक के लिए आवेदन करने से छह साल पहले पत्नी ने पति को छोड़ दिया था। क्रूरता के आधार पर तलाक मांगा गया था। फैमिली कोर्ट ने पति की अर्जी स्वीकार नहीं की तो 2019 में हाई कोर्ट में अपील दायर की गई। यहां पति की मुख्य दलील यह थी कि पत्नी लंबे समय से उससे दूर है और यह मानसिक क्रूरता है।

# प्रधानाचार्य को निलंबित करने पर भूख हड़ताल पर बैठे आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र



प्रयागराज। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय खाई करछना में प्रधानाचार्य मतस्येंद्र नाथ त्रिपाठी के निलंबन के विरोध में विद्यालय के सभी बच्चे भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि प्रधानाचार्य को बहाल कर-के वापस इसी विद्यालय में भेजा जाए। बता दें कि प्रधानाचार्य को एक छात्र को प्रताड़ित करने के आरोप में निलंबित किया गया है, जबकि अन्य विद्यार्थियों का कहना है कि प्रधानाचार्य की कोई गलती नहीं थी। छात्र ही नियमों का उल्लंघन कर रहा था। विद्यालय में विवाद की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस भी पहुंची, लेकिन छात्र नहीं माने। इसके बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय भी विद्यार्थियों को मनाने विद्यालय में पहुंचीं। प्रज्ञा पांडे ने कहा विद्यार्थियों की मांग को शासन तक पहुंचाया.जाएगा। छात्र की पिटाई के मामले में निलंबित किए गए आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रधानाचार्य के समर्थन में विद्यालय के बच्चे उतर गए हैं। निलंबन वापस लेने की मांग को लेकर बच्चों ने भूख हड़ताल शुरूकर दी हैं। सूचना पाकर तमाम आधिकारी मौके पर पहुंच गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य को निलंबित करने पर बच्चों का गुस्सा फूट पड़ा। निलंबन के विरोध में बच्चों ने कक्षाओं का बहिष्कार कर भूख हड़ताल शुरू कर दिया है। मामले की जानकारी होते ही जिला समाज कल्याण अधिकारी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए और बच्चों को मनाने में जुट गए हैं। बच्चों का कहना है कि जब तक प्रधानाचार्य को बहाल नहीं किया जाता है उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

## मारपीट में तीन नामजदों सहित चार अज्ञातों पर एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। कतिपय लोगों द्वारा पट्टे की जमीन पर कब्जा करने का विरोध करने पर मारा पीटा गया और जाति सूचक गालियां दी गई। पुलिस ने तीन के खिलाफ एससी एसटी एक्ट तथा चार अज्ञातों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिसवां शुकुलपुर निवासी लालजी पुत्र बद्री प्रसाद का आरोप है कि उसके पटटे की जमीन पर पडोसी अनायास कब्जा करना चाहते हैं।मना करने पर उसे मारे पीटे जान से मारने की धमकियां देते हुए जाति सूचक गालियां भी दिए। लालाजी की तहरीर पर पुलिस ने अमृत लाल पटेल, कन्हैयालाल, राम आसरे और चार अज्ञातों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।





# निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत गठित टीमों को दिया गया प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सम्पन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अन्तर्गत गठित टीमों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। लेखा टीम दिनांक 29.02.2024 को 12:00 बजे से कोषागार कार्यालय में तथा दिनांक 01.03.2024 को 12:00 बजे से सहायक व्यय प्रेक्षक, को कोषागार कार्यालय में एवं दिनांक 01.03.2024 को 4:00 बजे से सरस भवन विकास भवन में उड़नदस्ता टीम व स्थैतिक निगरानी टीम को श्री प्रत्यूष कुमार, नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण तंत्र/मुख्य कोषाधिकारी, प्रयागराज एवं श्रीमती मधूलिका सिंह, सहायक नोडल अधिकारी, प्रयागराज द्वारा प्रथम प्रशिक्षण दिया गया।प्रथमतः नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण तंत्र/मुख्य कोषाधिकारी द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा राजनैतिक दल/निर्दलीय प्रत्याशियों निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित लेखों के रख-रखाव से सम्बन्धित नियमों/ आदेशों तथा निर्धारित प्रारूपों में रखे जाने वाले व्यय लेखा व अन्य अभिलेखों के रख-रखाव के संबंध में सविस्तार प्रशिक्षित किया गया तथा बताया गया कि प्रत्येक अभ्यर्थी की खर्चे की अधिकतम सीमा 95 लाख है। उपरोक्त सभी टीमों को निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध अनुदेशों के सार-संग्रह की प्रतियां उपलब्ध कराते हुए उनके दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से सम्बन्धित सी-विजिल ऐप तथा ईएसएमएस के संबंध में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

# मेजारोड़ डेलौहा में अवैध चल रही आरा मशीन पर छापा

## एसडीओ ने दिया वन क्षेत्राधिकारी मेजा को आरा मशीन सीज करने का आदेश, वन माफियाओं में रहा हड़कंप

अखंड भारत संदेश



सिरसा। प्रयागराज मेजा क्षेत्र में वन विभाग की मिली भगत से मेजारोड़ डेलौहा मे अवैध रूप से लक्ष्मी सा मिल के नाम से आरा मशीन का संचालन किया जा रहा हैं। आरा मशीन संचालक लक्ष्मी नारायण पटेल की 13 सितम्बर 2023 को मृत्यु होने के बावजूद अवैध ढंग से वन विभाग द्वारा मोटी रकम ले-देकर चलवाया जा रहा था। छोटी मशीन का लाइसेंस लेकर बड़ी मशीन लगा कर चला था । पत्रकार राजेश विश्वकर्मा ने 10/2/2024 को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत की थी। उसी को लेकर जांच करने पहुंची एसडीओ संगीता यादव के पहुंचने वन माफियाओं मे हडकंप मच गया। मौके पर अवैध भंडारण मे नीम, आम, महुआ, शीशम के बोटा पाया गया। और कई जगह नीम, जामुन,महुआ का हरा पेड़ काट कर डंप किया गया था उसको सीज कर वन रेंज भेजा जाएगा। इतना ही नही वन अधिनियम शासनादेश है कि वन क्षेत्र से 10 किलोमीटर दूर होने के बाद लाइसेंस देने का प्राविधान है लेकिन तथ्यो को छुपा कर 6किलोमीटर पर ही लाइसेंस दे दिया गया है। वन एसडीओ संगीता यादव ने इस पर कहा कि इसका सर्वे कराया जाएगा इसके अंतर्गत आता है तो आरा मशीन को उखड़वा कर लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। वन दरोगा देवेन्द्र कुमार द्वारा मोटी रकम लेकर हरे पेड़ पौधों की अवैध रूप से कटाई जा रही है। इससे हरे-भरे पेड़ बेरोक-टोक के काटे जा रहे हैं। आरा मशीन संचालक एक दबंग व्यक्ति हैं जो अवैध आरा मशीन चला रहा हैं। वह विभागीय लोग को मिलाकर हरा पेड़ कटवाकर अपने आरा मशीन पर डम्प किया हुआ हैं। एसडीओ जब कटी हुई लकड़ी का परमिशन दिखाने को कहा तो उसके पास कोई परमिशन का आदेश नही था।

## महिला का खेत कब्जा करने के विरोध पर घर में घुसकर मारा पीट

मऊआइमा। गांव के कतिपय लोगों ने महिला का खेत रौंद डाले। महिला ने विरोध किया तो उसको घर में घुस कर मारे पीटे जान से मारने की धमकी भी दिए। महिला ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखुआं निवासनीय शान्ति देवी पत्नी बच्चू लाल का आरोप है कि गांव के कतिपय लोगों ने उसके खेत को कुचल रहे थे।जब उसने मना किया तो उसे गालियां दी गई और जान मारने की धमकी देते हुए घर में घुस कर मारे पीटे शांन्ति देवी ने मऊआइमा थाने में कृष्ण कुमार,भुवन कुमार पटेल, अखिलेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर ली है।

# डीसीपी श्रद्धा पांडेय ने मेजा सर्किल के थानों का किया निरीक्षण



मेजा। शुक्रवार को डीसीपी यमुनानगर ने मेजा कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सर्किल के सभी थानों में हड़कंप मचा रहा। उल्लेखनीय है कि डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा पांडेय ने शुक्रवार दोपहर में मेजा थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंच गई। थाने में अचानक डीसीपी के पंहुचने पर हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करने के बाद मेस, बैरक तथा थाने के अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। बता दें कि प्रयागराज में तैनाती के बाद डीसीपी श्रीमती पांडेय का मेजा सर्किल में पहली बार मेजा मांडा कोरांव थाने के निरीक्षण पर पहुंची हैं। गौरतलब है कि डीसीपी के आकस्मिक आगमन से सर्किल के सभी थानों में हड़कंप मचा रहा।

# कौधियारा के विद्यालय होंगे सभी पैरामीटर से संतृप्त



कौधियारा। कौंधियारा के विकास खण्ड सभागार मे खंड विकास अधिकारी चन्दन देव पाण्डेय के अध्यक्षता एवं खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार अवस्थी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन मे विकास खंड के एकेडमिक रिसोर्स पर्सन, सभी 97 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और ग्राम विकास अधिकारियो के साथ कायाकल्प के सभी पैरामीटर पर एक वृहद बैठक कर सभी समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया गया. प्रा वि नेचुना, प्रा वि जेठूपुर खास, कम्पो वि पीड़ी, कम्पो वि पंवरी, प्रा वि तिहैता,उ प्रा वि उमरी आदि विद्यालयों पर विशेष फोकस रहा, खंड विकास अधिकारी ने सभी ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किए कि एक सप्ताह मे सभी विद्यालय सभी पैरामीटर पर संतृप्त कराना सुनिश्चित करें. बैठक मे शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल, अनिल कुमार सिंह, विनोद कुमार, अनुराग पाण्डेय, अनिमेष श्रीवास्तव, हेमंत त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी, महेश शुक्ला, शैलेन्द्र सिंह, अलोक सिंह, सविता शर्मा, शबनम,विकास, सतीश चंद्र पाण्डेय, दीपक श्रीवास्तव, अब्दुल अलीम आदि मौजूद रहें।

# सात फेरे लेने के बाद आशीर्वाद व उपहार के साथ हसी-खुशी विदा हुए 35 नव विवाहित जोड़े

## सभी बारातियों एवं नव विवाहित को आशीर्वाद व लजीज भोजन एवं मुंह मीठा कराकर की गई विदाई

करछना। प्रयागराज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खंड करछना के विभिन्न ग्राम पंचायतों से 35 नव विवाहित जोड़े हुए एक दूजे के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीबों के कल्याण के लिए यह योजना गरीबों के लिए लाभकारी साबित रही है शुक्रवार को आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बाजे गाजे के साथ बड़ी धूमधाम से नव विवाहित जोड़े डीजे की धुन पर बरातियों के संग थिरकते हुए ब्लॉक परिसर के मंडप में पहुंचकर मंत्रोचार द्वारा विवाह की रश्म की अदायगी पुरोहित के द्वारा मंत्रों चार के साथ की गई, तत्पश्चात सभी को सरकार द्वारा दिए गए उपहार देकर साथ ही दूल्हे दुल्हन के साथ आए हुए परिजनों को एक साथ शादी



समारोह के पश्चात कार्यक्रम के आयोजक रोजगार सेवक संघ के ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव संयोजकत्व में सभी को लजीज भोजन एवं मुंह मीठा कराकर ब्लॉक कर्मियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में उपहार के साथ आशीर्वाद देते हुए हंसी खुशी विदा किए ,इस मौके पर समाज कल्याण अधिकारी आरिफ मोहम्मद, अमन सोनकर ,आईएसबी उदयभान, मनीष शुक्ला, बृजेश द्विवेदी , धीतेश तिवारी धीरू प्रधान संघ महा मंत्री, प्रधान कृष्णदेव, सचिन यादव रोजगार संघ सदस्य,भाजपा उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट,ओपी सिंह मिथिलेश कुमार पटेल सुरेश कुमार पांडे सचिव आशीष सिंह मनीष सिंह दीपेश सिंह कमल सिंह राम सकल, आरती यादव , अक्षत सिंह, दुष्यंत प्रताप सिंह, अतुल मिश्रा,राम शिरोमणि तिवारी,दीप्ति मिश्रा, प्रधान पनासा नागेंद्र पांडे,ममता पांडे सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मी के अलावा बड़ी संख्या में नव विवाहित जीवन साथी के परिजन मौजूद रहे।

## खाली पड़े टेंटो/ शिविरों/ पंडालों की निगरानी/ सुरक्षा पर मेला पुलिस की पैनी नजर



प्रयागराज। माघ मेला के 06 प्रमुख स्नान पर्व के सकुशल एवं निर्विघ्नं संपन्न होने के बाद माघ मेला अब पूर्णतः समापन की ओर अग्रसर है माघ मास में एक माह का कल्पवास समाप्त हो चुका है सभी साधु-संत-कल्पवासी अपने अपने गंतव्य को वापस जा चुके हैं माघ मेला क्षेत्र में खाली पड़े टेंटो/शिविरों/पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र व्द्धर के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये बताया गया हैं कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए कोई अप्रिय घटना नहीं होने देंगे। साथ ही थाना कल्पवासी,प्रयागवाल,झूसी, खाकचौक,प्राचीनगंगा जो पूर्णतः साधु-संतों कल्पवासियों से खाली हो चुका है अपने-अपने क्षेत्र में खाली पड़े टेंटो/शिविरो/पंडालों/संस्थानों आदि के सामानों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पिकेट/गस्त के माध्यम से दिन/रात में पैनी नजर रखेंगे। साथ ही आने-जाने के पांटून पुलों/चौराहों पर भी रात में सतर्क दृष्टि बनाए रखेंगे,इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता न बरती जाए जिससे आगामी स्नान पर्व सकुशल संपन्न कराया जा सके।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न

## मुख्य विकास अधिकारी ने व्यापार बंधुओं की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर शीघ्रता से निस्तारित किए जाने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला व्यापार बन्धु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से यातायात से सम्बन्धित समस्याओं, पार्किंग की समस्याओं, नगर निगम/नगर पालिका क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर शौचालयों एवं यूरिनल से सम्बन्धित अनुलब्धता के कारण होने वाली समस्याओ को बैठक में उठाया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उक्त समस्याओं का निराकरण अविलम्ब किए जाने के सम्बन्ध में ठोस कदम उठाये जाने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त शहर में हीरा हलवाई से सांई मन्दिर तक स्ट्रीट लाइट के नहीं जलने की समस्या बताई गई। शहर में बाजारों में पार्किंग क्षेत्र को चिन्हित कर पार्किंग की समस्याओं को दूर करने के भी निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में एसएम पाण्डेय, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर, बृज नन्दन ओझा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी जयकरण प्रसाद एआरएम रोडवेज, श्रीमती पद्मजा मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी लाल गोपालगंज, अधिशाषी अधिकारी नगर निगम प्रयागराज एवं विभिन्न व्यापार मण्डल के पदाधिकारी गण तथा व्यापारी उपस्थित रहे।

# शिप्रा और संगम एक्सप्रेस अब छोटे स्टेशनों पर रुकेंगी




**प्रयागराज।** रेलवे अब छोटे रेलवे स्टेशनों पर भी अहम ट्रेनों का ठहराव बढ़ाता जा रहा है। रेलवे ने इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस का स्टॉपेज डभौरा स्टेशन पर कर दिया है। इसी प्रकार प्रयागराज संगम से अयोध्या धाम होकर बस्ती जाने वाली मनवार संगम एक्सप्रेस का ठहराव मसकनवां स्टेशन पर भी होगा। रेलवे बोर्ड ने ट्रेन का ठहराव मसकनवां रेलवे स्टेशन पर जारी करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। प्रयागराज संगम से बस्ती जाने वाली 14231 मनवार संगम यहां से सुबह 4.50 बजे रवाना होकर 11.30 बजे बस्ती पहुंच जाती है। इसी तरह वापसी में बस्ती से दोपहर 1.50 बजे चलकर रात 8.15 बजे ट्रेन प्रयागराज संगम पहुंचती है। अभी इस ट्रेन का दोनों ओर से मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जंक्शन, मनकापुर, बभनान, गौर, टिनिच में है। अब इसका ठहराव मसकनवां में भी होगा। बता दें कि अयोध्या धाम से मसकनवां की दूरी 53 किमी है।दूसरी ओर ट्रेन नंबर 22911 इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस दो मार्च से डभौरा स्टेशन पर दो मिनट के लिए रुकेगी। साथ ही सूबेदारगंज से बांद्रा के लिए गाड़ी संख्या 04125 का संचालन अब 25 मार्च तक होगा।सूबेदारगंज से ट्रेन की रवानगी सुबह 5.20 होगी। इस दौरान ट्रेन का ठहराव फतेहपुर, कानपुर सेंट्रल, इटावा, टूंडला, आगरा फोर्ट, फतेहपुर सीकरी, बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, बोरीवली में रहेगा।

## न्यूज झरोखा

### गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान 3 छात्र चयनित



**झूंसी।** प्रयागराज के एम बी एआरडी के विद्यार्थियों में शुरुवाती दौर में 3 छात्र चयनित, जिनमें अभ्यांशु गौतम श्रीफिन माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड में 8 बीबी लाख, अवनीश सिंह एवं आकाश चौधरी को मिडलैंड माइक्रो फाइनेंस में 6-6 लाख के सलाना पैकेज पर हुए चयनित। संस्थान की प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ ?वा सिंह ने सभी चयनित के उज्ज्वल.भविष्य हेतु सुभकामनाये दी अभी भी आगामि दिनों मे विभिन्न संस्थानों का आना शेष है विदित हो कि विगत कई वर्षो से पंत संस्थान मे विभिन राष्ट्रीय एवम अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों मैं चयन हुआ है डॉ रेवा सिंह ने बताया है कि अभी आगामी दो दिनों तक विभिन्न कंपनी ,संस्थानों का आना शेष है।हमारी संस्थान से कई वर्षो से पंत संस्थान में विभिन्न राष्ट्रीय एवम अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में चयन हुआ है।

### अनियंत्रित दो अप्पे पलटी आधा दर्जन घायल



**झूंसी।** फूलपुर अन्दावा मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर एक के बाद एक कर के दो ऑटो अचानक पलट गई। मौके चीख पुकार मच गई। लोगो की भीड़ जमा हो गई अप्पे में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमे महिलाएं बच्चे भी शामिल है। सभी घायलों को निकाल अस्पताल ले जाया गया। वही चालक मौके से अप्पे लेकर फरार हो गए। सहसो से सवारी लेकर शहर के लिए दो अप्पे आगे पीछे चल रही थी। रहीमपुर गांव के सामने अचानक अप्पे पलट गई। अप्पे में सवार फूलपुर निवासी विवेक कुमार 33 उनकी पत्नी बब्ली 28, डेढ़ वर्षीय बेटा भावांश व उस्तापुर महमूदाबाद की अर्चना यादव 26 को गंभीर चोटें आई जिन्हें स्थानीय लोगो के सहयोग से अस्पताल ले जाया गया। कुछ लोगो को हल्की चोटे आई थी वो दूसरी गाड़ी से चले गए। प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो दोनों ऑटो काफी तेज रफ्तार में थी। आगे चल रही ऑटो पहले पलटी उसको बचाने के चक्कर में पीछे वाली भी पलट गई हादसे की वजह से सड़क पर जाम लग गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाया तब आवागमन सुचारू हो सका।

### आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए वितरित किए गए बर्तन



**सोरांव।** इलाके के ग्राम पंचायत सरसा के सभी मजरो के आंगनवाड़ी केंद्रों पर शुक्रवार को हॉट कुक्ड फूड मील योजना के अन्तर्गत बर्तन व अन्य सामग्री का वितरण किया गया।सोरांव ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरसा के परिषदीय विद्यालय में शुक्रवार को ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद साकिब व इंचार्ज प्रधानाध्यापिका रामा देवी की अध्यक्षता में आंगन बाडी केंद्रों पर आने वाले 3 से 6 वर्ष के बच्चों को गर्म तथा पका भोजन दिये जाने के लिए बर्तन, गैस चूल्हा, सिलेण्डर, रेगुलेटर, थाली, प्लेट इत्यादि का वितरण किया गया। यह बर्तन ग्राम प्रधान और सचिव ने ग्राम पंचायत में संचालित सरकारी खाते से क्रय करके खरीदा गया है। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव मोहम्मद साकिब संग विद्यालय की प्रधानाचार्या रामा देवी मौजूद रहे।

# मेजा ऊर्जा निगम में कमलेश सोनी को नए सीईओ के रूप में सौंपी गई कमान

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम में कमलेश सोनी को नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कमान सौंपी गई है। शुक्रवार को पदभार ग्रहण कहा निगम व आस - पास के समुदायों के विकास के साथ - साथ कंपनी को नई ऊंचाइयों तक ले जाना ही प्राथमिकता होगी। उल्लेखनीय है कि जोधपुर एमबीएम कालेज से अभियांत्रिकी की शिक्षा के बाद द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी ) से एमबी ए एनर्जी आडिटर मेजा ऊर्जा निगम में बतौर महाप्रबंधक (परिचालन एवं अनुरक्षण) के रूप में कार्यरत रह चुके श्री सोनी का एनटीपीसी में सन 1987 ई में इंजीनियर ट्रेनी अधिकारी के रूप में चयन हुआ था। तत्पश्चात उन्होनें पिछले 37 वर्षों में अपने कार्यकाल के दौरान मुंबई, कोरबा, बदरपुर, रामागुंडम, ऊंचाहार एवं सीपत जैसे कई अन्य एनटीपीसी परियोजनाओं में बतौर एक सफल अभियंता अपनी सेवाएँ दे चुके कमलेश सोनी को अब पुनः मेजा ऊर्जा निगम में नवागंतुक मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कमान सौंपी गई है। गौरतलब है कि शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक कर परियोजना की समीक्षा करते हुए सभी पहलुओं पर चर्चा किया और कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है जो मै यहां दोबारा अपनी सेवाएँ देने आया हूं । मुझे आशा है कि हम सभी मिल कर मेजा ऊर्जा निगम के साथ-साथ आस-पास के समुदायों का विकास करेंगे और इस कंपनी को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

कहा-मेजा ऊर्जा निगम के साथ - साथ आस पास के समुदायों का विकास व कंपनी को नई ऊंचाइयों तक ले जाना ही होगी प्राथमिकता



# जोन कटरा तथा अल्लापुर में गृहकर वसूली के दौरान भवन पर सीलिंग की कार्यवाही

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज द्वारा ऐसे गृहकर बकायेदारों जिन्होंने वर्षों से अपने भवन का गृहकर जमा नही किया है ऐसे बकायेदारों के विरूद्ध नियमानुसार नोटिस प्राप्त कराने के पश्चात भी अपने भवन का ससमय गृहकर नही जमा कर हैं। ऐसे भवन स्वामियों के विरूद्ध सख्ती अपनाते हुए तथा गृहकर वसूली अभियान में तेजी दिखाते हुए नगर निगम प्रशासन की वसूली टीम द्वारा गृहकर न जमा करने वाले भवन स्वामियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 01.03.2024 को जोनल कार्यालय अल्लापुर में 13 भवन स्वामियों पर प्रस्तावित कुर्की के दौरान भवन संख्या 372बी/1ए बघाड़ा, भवन स्वामी श्रीमती उर्मिला देवी के भवन पर गृहकर बकाया धनराशि रू0-04.02 लाख बकाये के सापेक्ष सीलिंग की कार्यवाही की गयी।

जोनल कार्यालय कटरा में 09 भवन स्वामियों पर प्रस्तावित कुर्की के दौरान भवन संख्या 10/10/35, कमला नेहरू रोड भवन स्वामी श्री आन्नद कुमार श्रीवास्तव के भवन पर गृहकर बकाया धनराशि रू0-01.52 लाख बकाये के सापेक्ष सीलिंग की कार्यवाही की गयी। सभी जोनों से कुर्की वसूली के दौरान गृहकर में प्राप्त कुल धनराशि रू0-08.57 लाख कैश/चेक के माध्यम से वसूलयावी की गयी। कार्यवाही का नेतृत्व करते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की वसूली टीम में कर अधीक्षक अल्लापुर श्री झम्मन सिंह व कर अधीक्षक कटरा श्रीमती मोनिका रस्तोगी, राजस्व निरीक्षक श्री कमलेश पाण्डेय तथा नगर निगम प्रर्वतन दल की टीम कार्यवाही में शामिल रहे।




# लाइनमैन की करंट से मौत पर शव रखकर पचास लाख मुआवजा की मांग पर अडे, बाद में मानें

तीन दिन पूर्व तार जोडते समय करंट से घायल का चल रहा था



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा मूल्हापुर के बकराबाद निवासी पारसनाथ पटेल 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय राम दीन प्रयागराज के दो लाख बीस हजार ट्रांसमिशन उप केन्द्र फूलपुर में लाइन मैन के पद पर तैनात था। बताया गया है कि लाइन जोडते समय करंट से पारसनाथ पटेल घायल हो गया था तीन दिनों तक चले उपचार के बाद बीती रात पारसनाथ पटेल की मौत पर पीएम के बाद शुक्रवार को शव मऊआइमा के बकराबाद गांव लाया गया तो घर में कोहराम मच गया। बताया गया है कि मृतक का सबसे बड़ा 17 वर्ष का पुत्र सोनू तथा तीन पुत्रियां सरला,अंजली, अनीता हैं। सभी का रो रो कर बुरा हाल है। पचास लाख मुआवजा की मांग पर शव रखकर कर हंगामा काटने लगे। नाबालिग पुत्र को मृतक आश्रित कोटे से नौकरी पर परिजनों ने इंकार करते हुए पचास लाख मुआवजा की मांग पर अडे रहे मऊआइमा थाने की भारी फोर्स पहुंच कर समझाने बुझाने में लगी रही।तथा फूलपुर के अधिकारियों ने सरकारी नियमों को परिजनों को समझाने पर परिजनों को समझाने पर परिजनों ने मानें। और शव अन्तिम संस्कार के लिए दारागंज देर वव को लेकर चले गए।

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौके पर दर्दनाक मौत परिजनों में मचा कोहराम

### देर रात निमंत्रण करके घर जा रहा था बाइक सवार,घर में मचा कोहराम



**मऊआइमा।** निमंत्रण करके बाइक से घर जाते समय अज्ञात कार ने जोरदार टक्कर मारी जिससे मौके पर बाइक सवार की मौत हो गई।घर में कोहराम मचा हुआ है।शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर मंगनापुर निवासी अनिल कुमार 38 वर्ष पुत्र बिन्द्र देव मऊआइमा ब्लाक बाजार में ठेले पर चाय नाश्ता की दुकान साप्ताहिक बाजार में लगाता था और इम्पीरियल स्कूल में चौकीदारी भी करता था। बताया गया है कि देर शाम अनिल कुमार महमदपुर सराय अली निवासी संजय के बहन की शादी में निमंत्रण करके मध्य रात्रि को घर जा रहा था।बताते हैं कि जैसे वह मऊआइमा ब्लाक चौराहा पर मध्य रात्रि को पहुंचा बाइक में हाईवे पर जा रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मौके पर अनिल कुमार की मौत हो गई। मृतक के भाई सुधीर कुमार ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मृतक चार भाईयों में सबसे बडा था।उसकी पत्नी रिता देवी, पुत्र विशाल 18वर्ष, विकास 16 वर्ष , पुत्री अंजू देवी 13वर्ष का रो रो कर बुरा हाल है।शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेज कर सीसी कैमरे की मदद से कार का नम्बर तलाश कर रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मीरापुर, वि. ख.मंझनपुर, कौशाम्बी

पत्रांकः मेमो/2023-24

### अल्पकालीन निविदा सूचना

दिनांक : 04.03.2024

राज्यवित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-2024 में निम्नलिखित निर्माण कार्यों को कराने हेतु ग्राम पंचायत मीरापुर से पंजीकृत ठेकेदारों से निविदाएं शीलबन्द लिफाफे मे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01.03.2024 से दिनांक 07.03.2024 को सायं 03.00 बजे तक आमं.ति की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है। एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मीरापुर को होगा। निविदा दिनांक 07.03.2024 को सयां 04.00 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक निविदा डाली जायेगी।

| क्र0 | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत सामग्री | योजना |
|---|---|---|---|
| 1. | मीरापुर में आंगनबाड़ी केन्द्र व टाइल्स कार्य | 141500 | राज्य वित्त |
| 2. | मीरापुर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शौचालय मरम्मत कार्य | 231900 | केन्द्रीय वित्त |

हीरामनी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मीरापुर
वि0 ख0 मंझनपुर कौशाम्बी

सौम्या साहू
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत मीरापुर
वि0 ख0 मंझनपुर कौशाम्बी


# अज्ञात हमलावरों ने पत्नी बेटी सहित कार चालक को पीटा

घटना सरायइनायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज बजार का है

**झूंसी।** सैदाबाद शादी समारोह से गुरुवार रात 10 बजे कार से घर लौट रहे एक परिवार को अज्ञात हमलावरों ने ओवरटेक करते हुए हनुमानगंज बाजार में रोक लिया। उनके साथ मारपीट करते हुए महिलाओं से अभद्रता तथा गाड़ी में तोड़फोड़ की। भुक्तभोगी ने शुक्रवार को घटना के बाबत थाने में तहरीर दी है।

सरायइनायत थाना क्षेत्र के चकिया घरहरा गांव निवासी धर्मराज सिंह ने बताया दो कार सवार 8-10 लोगों ने ओवरटेक करते हुए उसे हनुमानगंज बाजार में रोक लिया तथा उसे कार से नीचे खींच कर पीटने लगे। गाड़ी में बैठी पत्नी और बेटी बचाने आई तो उनके साथ अभद्रता करते हुए उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। हमलावरों ने गाड़ी में भी तोड़फोड़ की। आरोप है कि बेटी के कान से सोने का कुंडल भी छीन ले गए। सूचना के बाद पीआरबी पुलिस जब तक मौके पर पहुंचती हमलावर भाग निकले। हनुमानगंज चौकी प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि कुंडल छीनने की पुष्टि नही है। अज्ञात हमलावरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालें जा रहे है। एक हमलावर की शिनाख्त हो गई है। आरोपी शीघ्र पकड़ लिए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 04 मार्च को

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत नगर निगम के द्वारा दिनांक 04 मार्च, 2024 को नार्दन रिजनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी, तेलियरगंज में 580 जोड़ों का विवाह कराया जायेगा। अपर नगर आयुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर सभी तैयारियों को समय से पूरा कराने व कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की है।



## माघ मेला के लिए निकला वृद्ध 15 दिन बाद भी घर नहीं लौटा

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र की कोड़ीपुर गांव से एक वृद्ध माघ मेला के लिए निकला था जो आज 15 दिन बीत चुके हैं लेकिन घर नहीं लौट सका। कोड़ीपुर थाना उतरांव निवासी लाल चंद्र गौड़ जिनकी उम्र लगभग 55 वर्ष है जो 15 दिन पूर्व वह घर पर बता कर माघ मेले के लिए निकला था लेकिन आज 15 दिन बीत चुके हैं घर नहीं लौटा। परिजन बताते हैं कि रिश्तेदारी नातेदारी दोस्त यार हर जगह खोजबीन की गई लेकिन आज तक कोई पता नहीं चला। परिजनों ने थाना उतरांव में लिखित तहरीर देकर गुमशुदगी लिखाए जाने की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महाकुंभ के बेहतर आयोजन के लिए देश के तकनीकी संस्थानों से आए 170 सुझाव

**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 के बेहतर आयोजन के लिए देश भर के तकनीकी संस्थानों ने विचार करके अपने-अपने सुझाव भेजे हैं। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी संस्थान को कुल 170 सुझाव प्राप्त हुए हैं। संस्थान इनका अध्ययन करके बेहतरीन सुझावों को शासन को सौंप देगा।ट्रिपलआईटी, मेला प्राधिकरण की सहायता से आयोजित हैकाथॉन के तहत तीन अलग-अलग थीम सुरक्षा और सर्विलांस, देख-रेख, प्रबंधन और वीआर तकनीक के जरिये मेला दर्शन पर सुझाव मांगे गए थे।

कुल सुझावों में से फिलहाल 79 को अगले चरण के लिए चुना गया है।हैकाथॉन के नोडल अधिकारी प्रो.नीतेश पुरोहित ने बताया कि पहले सभी संस्थानों से संक्षेप में सुझाव मांगे गए थे। अगले चरण के लिए चुने गए संस्थानों से सुझावों में प्रयुक्त तकनीक और उसकी कार्यविधि की विस्तृत रूपरेखा मांगी गई है। इसके लिए एक से पांच मार्च तक का समय दिया गया है।बताया कि इसके बाद तीनों थीम के लगभग पांच-पांच सुझावों को दूसरे चरण (16-20 मार्च) के लिए चुना जाएगा। अंत में 21 मार्च को तीनों वर्गों से एक-एक सुझाव का चयन होगा, साथ ही सभी को एक-एक लाख रुपये का पुरस्कार भी दिया जाएगा।बता दें कि महाकुंभ के दौरान सटीक सुरक्षा व्यवस्था, सर्विलांस, आवागमन और भीड़ प्रबंधन के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक से योजना तैयार की जाएगी। साथ ही तकनीक के क्षेत्र में ड्रोन, क्यूआर कोड और फेस स्कैनिंग का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें आईआईटी मद्रास, एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा, एमआईटी यूनिवर्सिटी पुणे, एनआईटी मिजोरम, एमएनएन आईटी प्रयागराज, यूनाइटेड कॉलेज प्रयागराज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से सुझाव आए हैं।


## कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी , कौशाम्बी

### अल्पकालिक ई-निविदा-सूचना

दिनांक 01.03.2024

समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों करारी, ककोढ़ा, बरैसा (बालकों हेतु) तथा कोइलहा एवं भरसवाँ (बालिकाओं हेतु) में शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा 06, 07, 08, 09, में प्रवेश के आधार पर तथा कक्षा 11 में कक्षा 10 प्राप्त अंको की मेरिट के आधार पर छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। उक्त प्रवेश परीक्षा दिनांक 27.03.2024 को आयोजित की जायेगी। इस हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 15.03.2024 निर्धारित है। प्रवेश हेतु वर्गवार (आरक्षण वार) रिक्त सीटों का विवरण सम्बन्धित संस्था एवं कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी कौशाम्बी के सूचना पट्ट पर चस्पा है। अतः इच्छुक छात्र-छात्राओं को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों, करारी, ककोढ़ा व बरैसा (बालकों हेतु) तथा कोइलहा एवं भरसवाँ (बालिकाओं हेतु) में शैक्षिक सत्र 2024-25 में सम्बन्धित विद्यालय से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर अंतिम तिथि 15.03.2024 तक सम्बन्धित संस्था में आवेदन जमा करना सुनिश्चत करें। यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है और इसमें देय समस्त सुविधाएं निःशुल्क है। विस्तृत जानकारी सम्बन्धित शिक्षण संस्थान / अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

दिलीप कुमार
जिला समाज कल्याण अधिकारी
कौशाम्बी

पत्रांकः सी-3322/स0क0/अ0प0-प्रवेश परीक्षा/2023-24

# संवैधानिक मूल्यों तथा न्याय के लिए तेवर में दिखेगा कांग्रेस का लोकतांत्रिक संघर्षः प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया जोश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस देश के संवैधानिक मूल्यों को बचाए रखने के लिए अपना लोकतांत्रिक संघर्ष तेजी से साथ जारी रखेगी। उन्होने कहा कि हिमांचल में भी भाजपा ने लोकतंत्र को कुचलने और जनादेश के निरादर की कुचेष्टा की लेकिन उसे राज्य की सरकार को अस्थिर करने में पूरी तरह असफलता ही हाथ लगी।

शुक्रवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी लालगंज नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे थे। उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा में जिस तरह से यूपी में जनता ने हौंसला दिखाया है। उन्होनें कार्यकर्ताओं से इसी हौंसले को बरकरार रखते हुए लोकसभा के चुनाव की रणनीति पर जुटने को कहा। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा देश की पहली ऐसी सरकार है जिसने अलोकतांत्रिक ढंग से सीबीआई और ईडी तथा अन्य एजेन्सियों का दुरूपयोग कर विपक्ष के साथ न्याय की आवाज उठाने वाले हर तबके को भयभीत करने का कुचक्र रच रही है। उन्होने कहा कि बीजेपी दमन के चाहे जितने अलोकतांत्रिक रास्ते अख्तियार करे उसे अब जनता बहुत जल्द सत्ता से बेदखल करने का निर्णय ले चुकी है। कैम्प कार्यालय पर उन्होनें जनसमस्याओं की भी सुनवाई की। मंगापुर में क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में पांच फायर बिग्रेड के संचालन को लेकर लोगों को शुभकामनाएं दी। इसके बाद राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचे और दर्शन पूजन कर यहां महाशिवरात्रि के परम्परागत उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव की प्रारम्भिक तैयारियों का अवलोकन किया। मंगापुर, रेहुआ लालगंज, सांगीपुर, अमावां आदि स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रमोद तिवारी का उत्साजनक स्वागत भी दिखा। लालगंज नगर में उन्होंने समाजसेवी अशोक सिंह के हाल ही में निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना जतायी। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, केडी मिश्र, डा. अमिताभ शुक्ल, गुडडू सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, दारा सिंह, पन्ने लाल पाल, वैभव सिंह, छोटे लाल सरोज, मुरलीधर तिवारी, सिंटू मिश्र, त्रिभु तिवारी, प्रभात ओझा, पप्पू तिवारी, पवन शुक्ल आदि रहे।



लालगंज कैम्प कार्यालय पर समस्याओं की सुनवाई करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी

# सात दिवसीय एन एस एस विशेष शिविर का हुआ समापन

## मुख्यतिथि के रूप में डा0 घनश्याम यादव रहे मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकांकर के मदन मोहन मालवीय पी जी कालेज कालाकांकर के दिनेश छात्रावास परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का समापन किया गया। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे राजभवन कालाकांकर के मैनेजर डॉ घनश्याम यादव व विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो सूर्य भान सिंह एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव रहे।

इस अवसर पर शिविरार्थियो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी प्रस्तुत की गयी जिसमे छात्रा अंशिका, साक्षी, शिवानी, आँचल, अनन्या, कोमल रीतिका, शिवानी सुहानी रिया साक्षी एवं अनामिका तथा छात्रों मे सचिन एवं अभिषेक ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ घनश्याम यादव ने अपने उद्बोधन मे शिविर के छात्र छात्राओं द्वारा संपादित किये गए कार्यों की सराहना की गयी। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर सूर्य भान सिंह ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उसके उद्देश्यों के बारे मे बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो शिवम श्रीवास्तव ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के धेय वाक्य मै नहीं आप विषय को विस्तार से बताया। कार्य क्रमाधिकारी इकाई प्रथम डॉ डाल चंद आनंद ने धन्य वाद ज्ञापन किया। कार्य क्रमाधिकारी इकाई द्वितीय भूपेश सिंह एवं कार्य क्रमाधिकारी इकाई तृतीय डॉ सृष्टि ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के आचार्यगण प्रो प्रदीप सिंह, प्रो विनीता सिंह, प्रो राम करन, प्रो रेखा सिंह, डॉ ज्योति, श्री सर्वेश सिंह, डॉ प्रीति सिंह डॉ उमा सिंह एस पी सिंह, अब्दुल रज्जाक, अफसार अहमद एवं अन्य शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गैंगमैन को मारा, पीटा

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन पर शुक्रवार को कुछ लोगों ने रेल गैंगमैन अशोक कुमार को मारा पीटा। धमकी देते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के समय अशोक ट्रैक पर काम कर रहा था। अशोक ने इस मामले की लिखित शिकायत उच्च अधिकारियों से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। सूत्रों के अनुसार मारने वालों की फोटो सीसीटीवी में कैद हुई है। जांच पड़ताल हो रही है।

# तेज रफ्तार कार दीवार से टकराई, चालक की मौके पर मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडके से दस फिट दूर जाकर दीवार से टकराई जिसके चलते चालक की मौके पर हि मौत हो गयी। दुर्घटना वृहस्पतिवार की रात बिहार बाजार के सकरदहा मोद के पास हुयी।

दुर्घटना के समय तेज आवाज होने से चंद कदम पर बनी पुलिस चैकी के जवान मौके पर पहुचे और घायल युवक को अस्पताल के जाने की कार्यवाई कर रहे थे की युवक की सांसे थम गयी। बताया गया है कि बाघराय थाना क्षेत्र के बिहार बाजार के पास लालगोपालगंज रोड पर एक तेज रफ़्तार वैगन आर कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बने घर से जोरदार आवाज के साथ टकरा गयी। टक्कर उतनी जोरदार हुयी थी की कार पलटकर दीवार पर जा चढ़ी। कार में सवार चालक की मौके पर मौत हो गयी।

मृतक बिजलीपुर गांव का रहने वाला बताया गया है। पुलिस ने मृत चालक के शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मोर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने चालक के घर दुर्घटना की सूचना भेजवा दिया और शव को जिला अस्पताल भेजवा दिया। कार के परखच्चे उड़ गये जिससे चालक की मौत हो गयी।

# इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी एसपी पटेल का प्रतापगढ़ में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## शहर के अम्बेडकर चैराहे पर जाकर बाबा भीमराव की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पूर्व एमएलसी तथा लोकसभा क्षेत्र प्रतापगढ़-39 के इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल (एस0पी0 पटेल) का प्रत्याशी के रुप में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार ढंग से स्वागत किया।

प्रतापगढ़ शहर पहुंचने पर श्री पटेल अम्बेडकर चैराहे पर जाकर बाबा अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बताया जाता है कि लखनऊ से कार से आए गठबंधन प्रत्याशी एसपी पटेल का प्रतापगढ़ के अगई बार्डर पर पहुंचने पर कांग्रेसी नेताओं ने स्वागत किया। उसके बाद प्रत्याशी का काफिला रानीगंज कैथोला, रायपुर तियाई, नया का पुरवा, वर्मा नगर, लालगंज तहसील, संगम चौराहा, सगरा सुंदरपुर, हण्डौर, साहबगंज मोड़ लीलापुर, रानीगंज अजगरा, मोहनगंज तिराहा, सुखपाल नगर, कटरा, भुपियामऊ, पिरथीगंज, रानीगंज, लच्छीपुर, जामताली होते हुए पट्टी पहुंचा। वहां से दीवानगंज, रखहा होते हुए शहर के अम्बेडकर चैराहे पर श्री पटेल लगभग साढे पांच बजे के बाद पहुंचे। गठबंधन प्रत्याशी एसपी पटेल ने बाबा अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया, फिर यहां से देर शाम एसपी पटेल चिलबिला ओवरब्रिज के पास अपने आवास पर चले गये। कार्यकर्ताओं का हुजूम उनके साथ लगातार बना रहा। उनके साथ इस अवसर पर पट्टी विधायक माननीय रामसिंह पटेल, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, आशुतोष पाण्डेय, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनीष पाल, अवधेश पटेल नेता कांग्रेस, विन्ध्येश्वरी पटेल प्रधान नेता कांग्रेस, उमेश यादव, संजय सिंह, गुलफाम खान, अनिल यादव, सफात अहमद, सिटी चेयरमैन जकी खान, ढकवा चेयरमैन अशोक त्यागी, राजकुमार विश्वकर्मा, विशाल मौर्या, पृथ्वीगंज चेयरमैन प्रतिनिधि संजय सरोज, राजकुमार प्रजापति, रामधन यादव, आरके भीम, डॉ0 रामबहादुर पटेल, शेरबहादुर यादव, अहमद अली, वकार अहमद सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



फूल-मालाओं से एसपी पटेल का स्वागत करते कार्यकर्तागण

## इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के रोड शो सपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दिखा उत्साह

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी घोषित होने को लेकर शुक्रवार को एसपी सिंह पटेल का क्षेत्र में दमदार रोड शो दिखा। अगई सीमा पर सपा कार्यकर्ताओं के साथ गठबंधन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल को पार्टी एवं सहयोगी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ खुली जीप में जनता का अभिवादन करते देखा गया। सपा नेता एसपी सिंह पटेल के साथ रोड शो में कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी को भी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डटे देखा गया। सपा के लोकसभा चुनाव में जिले से घोषित प्रत्याशी एसपी सिंह पटेल ने रानीगंज कैथौला, वर्मा नगर, लालगंज, सगरा सुंदरपुर, लीलापुर, अजगरा में लोगों से संवाद कर समर्थन की गुहार की। रोड शो में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष भइयाराम पटेल, वरिष्ठ नेता टीपी यादव, रामधन यादव, रामलगन यादव, राजेश यादव, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र, आचार्य विन्देश्वरी पटेल, अवधेश पटेल आदि रहे।

# श्रीकृष्ण लीलाएं एवं उपदेश विषयान्तर्गत का हुआ आयोजन

## शारदा संगीत महाविद्यालय में कलाकारों ने सबका मोहा मन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्रीकृष्ण लीलाएँ एवं उपदेश विषयान्तर्गत भव्य समारोह का आयोजन शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में किया गया। उक्त अवसर पर कृष्ण की लीलाओं एवं उपदेशों से सम्बंधित नाटक, नृत्य, गीत-संगीत, भजन एवं कीर्तन की मनभावन संगीतमय प्रस्तुतियों से कलाकारों ने सबका मन मोह लिया।

शारदा संगीत महाविद्यालय के बच्चों द्वारा गणेश वंदना, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। सुरमई संगीत महाविद्यालय की छात्रा द्वारा त्रिपट कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया गया। नेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा छप्पन भोग एवं योगिता ग्रुप द्वारा काली डांस की प्रस्तुति दी गयी। सुप्रिया मिश्रा द्वारा कृष्ण महिमा पर छन्द गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मनप्रीत कौर ने कृष्ण की गौरव गाथाओं से युक्त भक्तिपूर्ण एवं शिक्षाप्रद समारोह के माध्यम से भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं का दिग्दर्शन कराते हुए वातावरण को परम आस्थापूर्ण बना दिया।

उक्त अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व बाल न्यायाधीश एवं पूर्व सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न, विशिष्ट अतिथि संस्कृत के विद्वान् डॉ0 शक्तिधर नाथ पाण्डेय, समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राम मिलन शुक्ल, दीक्षा समाज सेवा संसथान के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अजय कुमार सिंह एवं मुख्य सदस्य सुभाष चन्द्र सिंह तथा शारदा संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव सहित तमाम सम्मानित आमंत्रित अतिथियों को सारस्वत अभिनन्दन सहित अंगवस्त्र, सम्मान पत्र एवं स्मृतिचिन्ह से विभूषित किया गया तथा कार्यक्रम में भावपूर्ण प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह से विभूषित कर सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा प्रायोजित रहा। समारोह के मुख्य अतिथि डा0 दयाराम मौर्य रत्न ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहाकि श्रीकृष्ण का जीवन-चरित्र विलक्षण एवं प्रेरणाप्रद है। विशिष्ट अतिथि डा0 शक्तिधर नाथ पांडेय ने कहा कि कार्यक्रम श्रीकृष्ण के उपयोगी उपदेशों के प्रसार में सहायक है। समारोह का संचालन ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य रूप से शर्मिला शुक्ला, नित्या त्रिपाठी, राजीव कुमार आर्य, सुनील कुमार सिंह, रवि खंडेलवाल, समाजसेविका सारिका श्रीवास्तव, प्रभाकर पाण्डेय, प्रतिमा मिश्रा, प्रतिभा मिश्रा, लक्ष्मी मिश्रा, प्रिया पाण्डेय, योगिता जायसवाल, राजवेणु, नंदिनी श्रीवास्तव, कुसुमलता श्रीवास्तव सहित शारदा संगीत महाविद्यालय एवं नेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ तमाम आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।



शारदा संगीत महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

## हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में शिक्षा की बतायी गयी महत्ता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत अजगरा स्थित महावीर सिंह खींची इण्टर कालेज में शुक्रवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे का ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शशांक मिश्र ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उददेश्य प्री प्राइमरी से ही बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास करना तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। वक्ताओं ने बच्चों में शिक्षा व संस्कार की गुणवत्ता को लेकर अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मस्येन्द्र मिश्र व आशीष खरे से संयुक्त रूप से किया। बच्चों ने राष्ट्रीय गीत, सरस्वती वंदना आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को सील्ड देकर सम्मान किया। इस मौके पर सीडीपीओ ममता सिंह, विजय विश्वकर्मा, संजय शुक्ल, कमलेश सिंह, प्रशांत सिंह, रवीन्द्र प्रताप सिंह, निर्भय सिंह, सुधीर मिश्र, रामसमुझ आदि रहे।

## तेज रफ्तार कार सवार ने फल विक्रेता को मारी टक्कर, घायल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे से फल विक्रेता अपनी दुकान बंद कर देर रात पैदल घर जा रहा था। इसी बीच पृथ्वीगंज मार्ग से पट्टी की तरफ आ रहे तेज रफ्तार कार सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर जुटे आसपास के लोग उसे सीएचसी ले गए। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के सधईपुर गांव के रहने वाले रमेश कुमार चैरसिया पट्टी कस्बे में फल की दुकान लगाते हैं। बृहस्पतिवार को देर शाम वह दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान वह चमन चैक पर पहुंचे थे तभी पृथ्वीगंज की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे कार सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख आसपास के लोग आए और उसे सीएचसी ले गए, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी होने पर कस्बा इंचार्ज इंद्रेश कुमर सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# इंटर उर्दू में 966 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

## इंटर बंगला में एक मात्र पंजीकृत परीक्षार्थी भी रहा अनुपस्थित



कन्ट्रोल रुम से परीक्षा केन्द्र का जायजा लेते कर्मचारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शिक्षा परिषद की चल रही हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में आज 58 परीक्षा केन्द्रों पर इंटरमीडिएट उर्दू व बंगला की परीक्षा आयोजित की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इंटर उर्दू व बंगला में 401 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 74 छात्र और 327 छात्राएं थी।

इनमें से 366 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 20 छात्र व 15 छात्राएं सहित कुल 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटर मीडिएट बंगला में केवल एक परीक्षार्थी पंजीकृत था जो अनुपस्थित रहा। बता दें कि इस बार हर परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था जिसका सीधा संबंध जिला मुख्यालय के कन्ट्रोल रुम से होता रहा। इससे हर परीक्षा केन्द्रों पर सख्ती का माहौल दिखाई दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह लगातार परीक्षा केन्द्रों की निगरानी करते रहे।

# भागवत कथा सुनने से मनुष्य जन्म-मरण के बंधन से हो जाता है मुक्तः कथा व्यास

## बुकनापुर दुबेपुर में चल रही श्रीमद भागवत कथा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संडवा चंद्रिका क्षेत्र के बुकनापुर (दुबेपुर) में आद्या प्रसाद तिवारी के संयोजन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दिन आज कथा व्यास आचार्य सर्वेश पति त्रिपाठी महराज ने भगवान के विभिन्न अवतारों की कथा विस्तार से सुनाई।

आचार्य ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है और अधर्म बढ़ता है तब-तब भगवान मनुष्य रूप में पृथ्वी पर अवतार लेकर राक्षसों एवं दुष्टों का विनाश करते हैं। भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि भगवान प्रेम के भूखे होते हैं।जो प्रेम पूर्वक भगवान का स्मरण करता है भगवान सदा उसकी सहायता एवं उसकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। भक्त प्रहलाद की भक्ति एवं तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान उनकी रक्षा करते हैं और अधर्म का आचरण करने वाले उनके पिता हिरण्यकश्यप का वध करते हैं। व्यास जी ने कहा कि पिता अगर कुमार्ग पर चले तो पुत्र का कर्तव्य है कि उन्हें सही मार्ग पर लाने का यत्न करे। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रहलाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। भगवान ने नरसिंह रूप में वराह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का बध कर उन्हें अपने परमधाम को पहुंचाया। भक्त प्रहलाद के कारण ही अधर्मी पिता को भी परमधाम प्राप्त हुआ। कपिल भगवान का प्राकट्य एवं कपिल देवहूति संवाद, भगवान शिव के गणों द्वारा दक्ष यज्ञ विध्वंस, ध्रुव चरित्र और पुरंजनों पाख्यान की कथा सुनाई। भक्त ध्रुव की कथा सुनाते हुए महाराज ने कहा कि राजा उत्तानपाद एवं रानी सुनीति के पुत्र बालक ध्रुव ने पिता के प्रेम को पाने के लिए नारायण की कठिन तपस्या की। अल्पकाल में भगवान नारायण प्रसन्न हो गए और उन्होंने दर्शन देकर कहा कि बालक मैं तेरे अंतर्मन की व्यथा और इच्छा को जानता हूं। तेरी सभी इच्छाएं पूर्ण होंगी और तुझे वह लोक प्रदान करता हूं जिसके चारों ओर ज्योति चक्र घूमता रहता है और सूर्य आदि सभी ग्रह और सप्तर्षि नक्षत्र जिसके चक्कर लगाते रहते हैं। प्रलय काल में भी इस लोक का नाश नहीं होगा। सभी प्रकार के सर्वोत्तम ऐश्वर्य भोगकर अंत समय में तू मेरे लोक को प्राप्त करेगा। महाराज जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मुक्ति का मार्ग सुगम करता है। यह कथा लोक कल्याणकारी है। इसे सुनने मात्र से मनुष्य जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है और उसे परमधाम की प्राप्ति होती है। कथा सुनने वालों में प्रमुख रूप से डॉ छवि नारायण पांडे, डॉ बलराज मिश्र, डॉ स्वामी नाथ तिवारी, डॉ मृदुल उपाध्याय, ज्ञान प्रकाश तिवारी, जगन्नाथ तिवारी, कृष्ण चंद्र तिवारी, अमित विजय तिवारी, दीपक प्रधान, अरविंद पांडे, उमेशचंद्र पांडे, पवन पांडे, राम सुख मिश्र, जगजीवन राम लेखपाल, अजीत सिंह आदि प्रमुख रहे।



श्रीमद भागवत कथा सुनने को उमड़ी भीड़।

## परिजनों ने नम आंखों से किया युवक के शव का अंतिम संस्कार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना अन्तर्गत साहबगंज में स्थित पोस्ट आफिस कार्यालय से जुड़ी सीढ़ी के सहारे फांसी के फंदे से युवक की मौत के मामले मे शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने नम आंखों से शव का अंतिम संस्कार किया। वहीं पीएम रिपोर्ट न मिलने से मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नही हो सका है। लीलापुर थाना के बहलोलपुर निवासी पचीस वर्षीय जितेन्द्र मिश्र पुत्र सुनील मिश्र का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला था। बेटे की मौत की जानकारी होने पर मेरठ मे रहकर ट्रक चलाने का कार्य करने वाला पिता शुक्रवार सुबह घर पहुंचा तो बेटे का शव देख फफक पड़ा। नम आंखों से गांव समीप देवली में बने अन्तेष्टि स्थल पर परिवार के लोगों ने शव को अंतिम संस्कार कर दिया। एसओ नरेन्द्र कुमार का कहना है कि अभी पीएम रिपोर्ट नही आयी है। मृतक के परिवार से तहरीर भी नही मिली है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## संपादक की कलम से

# चुनाव : भाजपा अपनी लीक पर चलेगी

केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा इस बार भी आम चुनाव में कुछ नया करने जाती दिख रही है।लोकसभा चुनाव में भले एन डी ए सरकार की बात कही जाए, भाजपा का पूरा प्रयास अपने दम पर सरकार बनाने का है। जो संकेत मिल रहे हैं, वे 2019 से पृथक नहीं हैं। जैसे कि जब पिछले लोकसभा चुनाव में जब भाजपा ने जब प्रत्याशियों की घोषणा की तो उसने अपने 268 में से 99 सांसदों यानी 36 प्रतिशत के टिकट एक झटके में काट दिए। वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा के 282 सांसद जीत कर लोकसभा पहुंचे थे, लेकिन कुछ सासंदों की मौत होने और कुछ उपचुनावों में हार के कारण उसके 268 सांसद ही बचे थे।

तब पार्टी ने जितने सांसदों के टिकट काटे, उनकी जगह सेवानिवृत्त अफसरशाहों, कलाकारों, क्रिकेटरों जैसे नए चेहरों को मैदान में उतारा। इनमें फिल्मी सितारे सनी देओल, रवि किशन, लॉकेट चटर्जी, गायक हंसराज हंस, क्रिकेटर गौतम गंभीर एवं अपराजिता सारंगी जैसे ब्यूरोक्रेट शामिल थे, जो 2019 में पहली बार चुनाव जीतकर सांसद बने।

अब 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी 370 सीटें जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए ऐसे सांसदों के टिकट काटेगी जिनके एंटी इंकम्बेंसी के कारण हारने की संभावना बन रही है। आंतरिक सर्वे के आधार पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने कमजोर परिणाम वाले सांसदों के टिकट काटने का पूरा मन बना लिया है।

भाजपा उत्तर प्रदेश में अपना दल और राष्ट्रीय लोकदल के साथ मिलकर सभी 80 सीटें जीतना चाहती है, जहां पिछले चुनाव में वह 16 सीट हार गई थी। अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए भाजपा दूसरे दलों से जीताऊ उम्मीदवारों को तोड़ने से भी गुरेज नहीं करेगी। इसकी शुरूआत बहुजन समाज पार्टी के रितेश पांडे और झारखंड में कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा से हो गई है।

भाजपा इस बार भी 75 साल से अधिक उम्र के साथ-साथ ऐसे सांसदों को भी मैदान में उतारने की इच्छुक नहीं है, जो अपनी सीट से कई बार जीत हासिल कर चुके हैं। पार्टी अब उन सीटों पर नए लोगों को मौका देना चाहती है। भाजपा ने पिछले लोक सभा चुनाव में 303 सीटें जीती थीं, लेकिन कुछ के विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा देने और कुछ उपचुनाव में हारने के कारण इस समय उसके 290 सांसद हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में भी भाजपा ने 75 साल से अधिक उम्र के उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारे थे।

इस कारण सुमित्रा महाजन, करिया मुंडा, एल के आडवाणी, कलराज मिश्र, बिजोय चक्रवर्ती, बीसी खंडूड़ी, शांता कुमार और मुरली मनोहर जोशी दिग्गज नेता रेस से बाहर हो गए थे। यदि इस बार भी यही रणनीति अपनाई गई तो पार्टी के 15 सांसद तो यूं ही बाहर बैठ जाएंगे, क्योंकि या तो वे 75 साल के हो चुके हैं या होने वाले हैं। इनमें हेमा मालिनी, संतोष गंगवार और रीता बहुगुणा जोशी आदि शामिल हैं।

इनके अलावा इस बार मेनका गांधी, वीरेंद्र कुमार, ब्रिज भूषण शरण सिंह जैसे सांसद हैं, जिन्होंने छह या इससे अधिक बार चुनाव जीता है। इसके आवा 11 सांसद पांच बार, 19 सांसद चार बार और 28 सांसद तीन बार चुन कर लोकसभा पहुंच चुके हैं। राष्ट्रीय जनता दल के साथ गठबंधन होने के कारण इस बार बागपत से सत्यपाल सिंह का टिकट भी कट सकता है।

यही नहीं कुछ सांसदों को इसलिए भी पीछे हटना पड़ सकता है, क्योंकि कुछ मंत्रियों का राज्यसभा कार्यकाल पूरा होने वाला है और उन्हें बनाए रखने के लिए लोकसभा के रास्ते सांसद बनाना होगा। इनमें धर्मेंद प्रधान, भूपेंद्र यादव, मनसुख मांडविया और पुरुषोत्तम रुपाला शामिल हैं।

# रद्द होती भर्ती परीक्षाएं, धूमिल होती सरकार की छवि !

**डॉ अजय कुमार मिश्रा**

उत्तर प्रदेश पुलिस दुनियां की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है` विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद्द करके आगामी 6 माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है` निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा` पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्वों को भी जानना जरुरी है` कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा फरवरी 16 से 18 के मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुयी थी` इस भर्ती के लिए दिसम्बर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था` 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसम्बर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे` इन प्राप्त आवेदनों में लगभग 2.5 लाख बिहार से, 43 लाख उत्तर प्रदेश से, 98,400 मध्य प्रदेश से, 74,769 हरयाणा से, 97,277 राजस्थान से, 42,259 दिल्ली से और 3404 आवेदक पंजाब से थे` किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए` इन सभी में महत्वपूर्ण यह भी है की इस भर्ती के लिए उम्र की बाध्यता 18 से 25 उम्र की थी` परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है। पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहें थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था। 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग झ्र अलग जगहों से भेजी गयी` भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा` अत्यधिक विरोध के पश्चात सरकार ने परीक्षा को रद्द करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की` जिसके पश्चात अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद्द कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा` क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है ? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है` इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है। सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है` यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है की सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है` अनेकों लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है। अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है` दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली` अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा।

` पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षो में रोजगार देने की बात कही थी` इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आयी थी` प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है` यदि उत्तर प्रदेश की बात करें। तो कई अलग-अलग भर्तियों के अभ्यर्थी न केवल केस लड़ रहें है बल्कि कुछ के पक्ष में न्याय होने के बावजूद रोजगार नहीं प्राप्त कर सके` निजी क्षेत्रों में अवसर की कमी और नौकरी की असुरक्षा, भुगतान कम होना, और बढ़ती ठेका प्रणाली लोगों को सरकारी नौकरी के प्रति प्रेरित करती है` हाल के वर्षो में आयी कोरोना आपदा ने इसमें आग में घी डालने जैसा कार्य किया है` उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में रुपया 70,792 रही है जो महज बिहार राज्य से अधिक है` सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी फंड द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार राज्य युवा श्रम भागीदारी कोरोना के पहले 41.2% थी जो की सितम्बर दिसम्बर 2022 में घट कर 22.4% रह गयी। राज्य सरकार को कई अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए इसके लिए वह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकती है, क्योंकि अधिकांश युवा आज कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से पूर्ण है` प्रश्नों के एक दो नहीं कई सेट तैयार किये जाये और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अ.क.) का प्रयोग कर परीक्षा शुरू होने के कुछ सेकंड पहले प्रश्न पत्र लाइव किये जाये।

# अकबर हों या शाहजहां ,कोई नहीं बचेगा

**@ राकेश अचल**
**achalrakesh1959@gmail.com**

भारत तेजी से बदल रहा है। अब यहां एक नजर वाली सरकार अपना रंग दिखा रही है। अब देश में चाहे अकबर हों या शाजहाँ बचने वाले नहीं है। भले ही अकबर और शाहजहां को जहान से गए हुए सैकड़ों साल हो गए हैं लेकिन उनके नाम से हमारी सरकार आज भी नफरत करती है, बिदकती है। अब इस देश में रहने वाले तमाम अकबरों और शाहजहानों को केवल और केवल इस देश की अदालतों का सहारा है जो अभी भी आम आदमी को आम आदमी मानती हैं, उन्हें धर्म की नजर से नहीं देखतीं।

मेरी बात समझने के लिए आपको एक साथ अनेक खबरों को जोड़कर देखना होगा। पहली खबर डबल इंजन से चलने वाले उत्तर प्रदेश से बनती है। आपको पता है कि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर संस्कृति है। यूपी की सरकार को अकबर के नाम से ही चिढ है। दुर्भाग्य से लखनऊ के कुकरैल नदी के किनारे बसी एक अवैध बस्ती का नाम अकबरनगर है। यहां 1068 से ज्यादा अवैध मकान और 50 से अधिक दुकानें बनी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार इस कुकरैल नदी पर रिवरफ्रंट बनाना चाहती है। जाहिर है कि इसके लिए अकबर नगर को नेस्तनाबूद करना जरूरी है। सरकार की उदारता के चलते अकबर नगर में रहने वाले लोगों के पुनर्वास के लिए सभी को 15 लाख रुपये की कीमत वाला मकान 4.80 लाख में दिया जा रहा है। लेकिन अकबर नगर वाले यहां से जाना नहीं चाहते। फिर भी लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम ने अकबरनगर में 23 बुलडोजर लगाकर दो बड़े कॉम्प्लेक्स-शोरूम ढहा दिए।

इससे पहले अकबरनगर की अवैध बस्ती को गिराने की कार्रवाई दिसंबर महीने में हुई थी। लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगाते हुए बस्ती के लोगों को राहत दे दी थी। यहां लखनऊ के अकबर नगर में एलडीए की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एलडीए से 4 मार्च तक कार्रवाई न करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट 4 मार्च को इस मामले में अगली सुनवाई करेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश आने के कुछ ही देर बाद एलडीए ने अपनी कार्रवाई को शुरू कर दिया है, अब यही यदि अकबर नगर न होकर रामकृष्ण नगर या दीनदयाल नगर होता तो बुलडोजर इनकी और देखते तक नहीं।



दूसरी खबर है उत्तर प्रदेश के ही हापुड़ में रहने वाले अब्दुल करीम टुंडा की। अब्दुल क्रीम एक जमाने में पिलखुवा में बढ़ई का काम करता था।

मुंबई में 1993 के सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले के मुख्य आरोपी अब्दुल करीम टुंडा (81 वर्षीय) को गुरुवार, 29 फरवरी को अजमेर की विशेष टाडा अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। मामले के दो अन्य आरोपियों इरफान अहमद और हमीर-उल-उद्दीन उर्फ हमीदुद्दीन को टाडा कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई। सीबीआई अब्दुल करीम टुंडा के खिलाफ ठोस सबूत पेश करने में विफल रही।

बंगाल के सन्देश खाली उत्पीड़न के खलनायक शाहजहां खान को भी फिलहाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भाजपा पिछले कई दिनों से इसी शाहजहां खान की गिरफ्तारी को लेकर राजनीति कर रही थी। हकीकत भी है और अफसाना भी की शाहजहां हों या अकबर हमेशा भाजपा की राजनीति के स्थाई पात्र रहते हैं।

संयोग कहें या दुर्भाग्य की देवभूमि उत्तराखंड में जहाँ डबल इंजिन की सरकार है वहां भी हल्द्वानी हिंसा के आरोप अकबर और शाहजहां के भाई बंधु हैं। हल्द्वानी हिंसा के कथित सूत्रधार अब्दुल मलिक है। वहां सरकार सो रही थी और मलिक भाई नोटरी पर सरकारी जमीनें बेच रहे थे वो भी भाजपा नेताओं के संरक्षण में। लेकिन दुर्भाग्य से जब हिंसा भड़की तो अब्दुल मलिक को भाजपा के नेताओं ने अनाथ छोड़ दिया, हालाँकि उनके साथ सरकारी जमीनों को खुर्दबुर्द करने से होने वाले लाभ में सभी बराबर के हिस्सेदार रहे। उत्तर प्रदेश में ज्ञानवापी का मामला भी अकबर और शाहजहां के कुनबे से ही बाबस्ता है।

मुझे कभी -कभी लगता है कि हमारी एकनजर वाली सरकार अकबर और शाहजहां की 20 करोड़ आबादी का आखिर करेगी क्या ? सरकारी पार्टी ने अपने यहां तो विधानसभा हो या लोकसभा या राजयसभा इन लोगों को मौका न देने का इरादा जाहिर कर ही दिया है। लगता है कि सरकार को इस 20 करोड़ की आबादी से अब कोई लेना-देना नहीं है। यदि होता तो एकनजर की सरकार जानबूझकर समान नागरिक संहिता लाने और स्पेशल मैरिज एक्ट को रद्द करने का उत्साह न दिखाती। यदि वाकई समदर्शी सरकार होती तो राम मंदिर जन्मभूमि विवाद सुलझने के बाद सरकार अयोध्या में जितना भव्य राम मंदिर बनाने में सक्रिय रही उतनी ही वहां नई मस्जिद बनवाने में भी सक्रिय भूमिका निभाती। लेकिन ये असम्भव था और है। सरकार को अकबरी वोट नहीं चाहिए। सरकार को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए जितने 'नान अकबरी' वोट चाहिए वो उसके पास हैं। उसका काम तो चल ही जाएगा।

मजे की बात देखिये कि दो दशक तक न्याय का इन्तजार करने के बाद बरी हुए टुंडा के मन में कोई नफरत नहीं है, कोर्ट के फैसला आने के बाद अब्दुल करीम टुंडा ने मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा, 'कोर्ट ने मुझे बरी कर दिया है, कोर्ट की बहुत मेहरबानी। सच्चाईछुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, खुशबू आ नहीं सकती कागज के फूलों से...'। आपको बता दें कि पांच व 6 दिसंबर, 1993 को मुंबई से नई दिल्ली, नई दिल्ली से हावड़ा, हावड़ा से नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, सूरत से बड़ौदा फ्लाइंग क्वीन एक्सप्रेस, हैदराबाद से नई दिल्ली आंध्र प्रदेश एक्सप्रेस ट्रेनों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इस आतंकी बम धमाकों में दो यात्रियों की मृत्यु हुई थी।

भाजपा के झांसे में आकर अकबर और शाहजहां के तमाम वंशज, जैसे कांग्रेस के एक गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से अलग हो गए और उन्होंने अपनी अलग पार्टी बना ली, लेकिन अब न वे घर के हैं और न घाट के। भाजपा में जो शाहनवाज रह भी गए हैं वे मजबूरी में हैं। उनके जैसे कितने लोग हैं जिनका भाजपा में अब कोई नामलेवा नहीं हैं और जो हैं वे भी मजबूर है। यदि समर्थन नहीं करेंगे तो वे भी घर के न घाट के रह पायंगे। भाजपा इन सबसे घर और घाट छीन लेने पर आमादा है।

आने वाले दिनों में अकबरों और शाहजहानों से जुड़े ऐसे अनेक मामले सामने आएंगे। इन सब से देश का मान बढ़ेगा या घटेगा ये हम नहीं जानते, लेकिन ये साफ है की हम जान-बूझकर उन लोगों को दण्डित कर रहे हैं जो न अकबर हैं, न बाबर हैं और न शाहजहां है। यदि वे अपराधी हैं तो अपराधी तो हर समाज में है। चंद शाहजहानों या मलिकों की वजह से पूरी की पूरी 20 करोड़ की आबादी को तो अपराधी मानकर उनके साथ अपराधियों या दोयम दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता ? यदि आप समान नागरिक संहिता ला रहे हैं तो उन्हें विधानसभाओं, लोकसभा और राजयसभा में भेजने से इंकार क्यों कर रहें हैं मिया ! आम चुनावों में उतरने से पहले इन सवालों का जबाब देने की हिम्मत भी दिखाई जानी चाहिए की नहीं भाईओ-बहनो !

# अंतरिक्ष से संचार क्रांति लाने का संदेश दे रहा इसरो

वर्ष 2023 भारत के लिए अंतरिक्ष में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य के रूप में बहुत ही महत्वपूर्ण रहा। यह बात सभी को विदित ही है कि 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 ने श्रीहरिकोटा में अवस्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी थी और भारतीय अंतरिक्ष यान ने 5 अगस्त 2023 को चंद्र कक्षा में निर्बाध रूप से प्रवेश किया। जब लैंडर ने 23 अगस्त 2023 को चंद्र दक्षिणी ध्रुव के निकट एक सफल लैंडिंग की तो यह भारत के लिए एक बहुत ही बड़ा व ऐतिहासिक कदम था। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 की चन्द्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग के बाद इसरो द्वारा आदित्य-एल 1 सूर्य मिशन की लॉन्चिंग दुनियाभर में चर्चा का विषय रहे थे।इसी क्रम में अब भारत सरकार ने हाल ही में गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में भारत की पहली उड़ान के लिए चयनित एयरफोर्स के चार पायलटों के नाम भी बताए हैं। इनमें क्रमशः ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं, जिनके नाम स्वयं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 फरवरी 2024 को केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा करने एवं गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद जारी किए हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहा कि, 'ये चार नाम या चार इंसान नहीं हैं। 140 करोड़ आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली शक्तियां हैं। 40 साल के बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जाने वाला है। इस बार टाइम भी हमारा है, काउंटडाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है।' बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि गगनयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक मिशन है और इस मिशन के तहत तीन अंतरिक्ष मिशनों को कक्षा में भेजा जाएगा। इन तीन मिशनों में से 2 मानवरहित होंगे, जबकि एक मानव युक्त मिशन होगा। यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि अक्तूबर 2023 में अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) को भी लॉन्च किया था और वर्तमान में इसरो की नजर गगनयान मिशन पर है जिसके तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा। सच तो यह है कि गगनयान मिशन को कई चरणों के जरिए सफलता के अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। दरअसल, गगनयान में क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) सबसे खास है। इसरो के अनुसार, फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन1 में किसी अनहोनी की दशा में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने में यह क्रू-एस्केप प्रणाली काम आएगी। उड़ान भरते समय अगर मिशन में कोई भी गड़बड़ी हुई तो यह प्रणाली क्रू मॉड्यूल के साथ यान से अलग हो जाएगी, कुछ समय उड़ेगी और श्रीहरिकोटा से 10 किमी दूर समुद्र में उतरेगी। इसमें मौजूद



अंतरिक्ष यात्रियों को नौसेना की ओर से समुद्र से सुरक्षित वापस लाया जाएगा। इसके बाद दूसरा परीक्षण वाहन टीवी-डी2 मिशन और गगनयान (एलवीएम3-जी1) का पहला मानव रहित मिशन होगा। परीक्षण वाहन मिशन (टीवी-डी3 और डी4) की दूसरी श्रृंखला और रोबोटिक पेलोड के साथ एलवीएम3-जी2 मिशन की अगली योजना बनाई गई है। एजेंसी के मुताबिक, चालक दल मिशन की योजना सफल परीक्षण वाहन के नतीजे और उन मिशनों के आधार पर बनाई गई है जिनमें कोई चालक दल नहीं है। दरअसल इसरो इस मिशन के लिए लगातार कड़ी मेहनत कर रहा है और किसी भी हाल और परिस्थितियों में अंतरिक्ष यात्रियों को खोना नहीं पड़े इसके लिए इसरो द्वारा छह परीक्षणों की एक श्रृंखला तैयार की गई है। जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले साल अक्टूबर में हुए एक अहम परीक्षण में यह सामने आया है कि रॉकेट में गड़बड़ी होने पर चालक दल सुरक्षित बाहर निकल सकता है। बहरहाल, पाठकों को यह भी विदित हो कि गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में भेजे जायेंगे । मीडिया के हवाले से यह सामने आ रहा है और इस मिशन को वर्ष 2024 के आखिर या वर्ष 2025 की शुरूआत तक अंतरिक्ष में भेजा जा सकता है। इसी साल यानी कि वर्ष 2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान भरी जायेगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट को भेजा जाएगा। बताता चलूं कि गगनयान मिशन तीन दिवसीय मिशन है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि गगनयान मिशन के सफल होने पर भारत उन देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। बताता चलूं कि अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ही यह काम कर पाए हैं। यहां यह बात कहना गलत नहीं होगा कि आज इसरो संपूर्ण विश्व में अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक मिसाल बनकर उभर रहा है और अंतरिक्ष मिशनों का लगातार भारतीयकरण(स्वदेशीकरण) हो रहा है। हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर लगातार अग्रसर हैं और हमने काफी हद तक मिशन गगनयान का भारतीयकरण कर दिया है। यह इसरो के वैज्ञानिकों की बड़ी सफलता है। इसरो की पूरी टीम इसके लिए बधाई की पात्र है। हमारे लिए इससे बेहतर और बड़ी उपलब्धि और भला क्या हो सकती है कि गगनयान मिशन के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले अधिकतर पुर्जे हमारे देश भारत में ही बने हैं। सच तो यह है कि इसरो की उपलब्धियां हम सभी का सिर संपूर्ण विश्व में ऊंचा करतीं हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि चालीस साल पहले हमारे देश के राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय थे। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि उस समय अंतरिक्ष से सोयूज टी-11 की क्रू के साथ ज्वॉइंट कॉन्फ्रेंस के जरिए देश ने पहली बार अंतरिक्ष में मौजूद अपने नागरिक(राकेश शर्मा) के साथ बात की थी। उस समय की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने राकेश शर्मा ने पूछा था कि अंतरिक्ष से भारत कैसा दिखता है? तो उन्होंने हिंदी में जवाब दिया था- 'सारे जहां से अच्छा, हिंदोस्ता हमारा।' उल्लेखनीय है कि राकेश शर्मा को 'हीरो ऑफ द सोवियत यूनियन अवॉर्ड' से भी नवाजा गया और वो इकलौते भारतीय हैं, जिन्हें ये सम्मान मिला। इसके साथ ही उन्हें अशोक चक्र से भी सम्मानित किया गया। हाल फिलहाल, हमारे देश का चंद्रयान-3 मिशन चांद के उस दक्षिणी हिस्से पर उतरा, जहां इससे पहले अमरीका और रूस जैसे अंतरिक्ष खोजी देशों का कोई यान नहीं उतर पाया था। रूस ने हमारे साथ-साथ ऐसा ही अभियान लांच किया था, लेकिन वह असफल रहा। हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में लगातार सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं। हमारा आदित्य - एल 1 अभियान(सूर्य मिशन) धरती से 15 हजार किलोमीटर दूर अवस्थित होकर सूर्य की जांच-पड़ताल कर रहा है। आज अंतरिक्ष अभियानों का लगातार व्यवसायीकरण हो रहा है, विश्व के अनेक देश हमारे इसरो के अभियानों में लगातार रूचि दिखा रहे हैं और अपने उपग्रह प्रक्षेपित करवा रहे हैं। आज हमारा इसरो विश्व के अनेक देशों के उपग्रह प्रक्षेपित करके अंतरिक्ष से संचार क्रांति लाने का संदेश दे रहा है और अब तो निजी निवेशकों को भी इस अभियान यात्रा में शामिल होने का संदेश दे दिया गया है। निःसंदेह वर्ष 1969 में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) की स्थापना के बाद भारत लगातार अंतरिक्ष में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कर रहा है। जरूरत बस इस बात की है कि बेहतर अंतरिक्ष बुनियादी ढाँचे के निर्माण हेतु अधिक से अधिक बजट की जरूरत की पूर्ति होती रहे और साथ ही साथ इसरो के अभियानों को सरकार द्वारा पर्याप्त समर्थन के अलावा निजी भागीदारियों से भी जोड़ना होगा।

**सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर,कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।**

# खुद शिकारी शिकार हो गया

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

अखबार में कितना सच और कितना झूठ छपा है इसे जानने के लिए केवल पढ़ा-लिखा होना काफी नहीं होता। पढ़े-लिखे एक ही खबर को अलग-अलग समाचार पत्रों में अलग-अलग तरह से पढ़कर अपना माथा फोड़ते रहते हैं। पढ़ा-लिखा होना गर्व की बात है। उस गर्व का गुबार तो उस समय निकल जाता है जब छपी सामग्री समझ में न आने पर खुद की पढ़ाई पर लानत पैदा होती है। समाचार के पहले दो-तीन पन्ने झूठ छापने की होड़ में लगे रहते हैं। जो जितना झूठ छापता है वह उतना विज्ञापन पाता है। सच छापने वाले के दफ्तर ईडी, इनकम टैक्स वाले अपना छापा लिए पहुँच जाते हैं। अगले दिन से सच छापने वाला खुद को झूठा साबित करने के लिए सड़क पर आ जाता है।

इसीलिए समझदार लोग क्लासीफाइफ पढ़ते हैं। वैसे ये भी झूठे होते हैं, लेकिन पहले तीन पन्नों की तुलना में बहुत बेहतर होते हैं। ऐसे झूठ से सेप्टिक नहीं होता। इसी क्लासीफाइड को पढ़ते हुए अचानक मेरी निगाह एक विवाह के विज्ञापन से जा टकराई। चट मंगनी पट ब्याह मैरेज ब्यूरो को दस हजार भरकर जैसे-तैसे लड़की का नंबर हासिल किया। मैरेज ब्यूरो वाले का हवाला देते हुए लड़की की पसंद-नापसंद के बारे में बात करते हुए उसे फोन पर हाय-हैलो किया।

पता लगाने पर मालूम चला कि लड़की के पिता का देहांत हो गया है। यह सुनकर ऊपर से दुख और भीतर से खुशी हुई। बिन बाप की बेटी पर डोरे डालना आसान होता है। माँ नौकरी करती थी। कामकाज करना किसी के लिए परिवार चलाने का कारण होता है तो कुछ के लिए उनके पीठ पीछे गुलछर्रे उड़ाने का बहाना। पता नहीं ऐसी स्थिति में कुछ लोग इंसान से साँप कब बन जाते हैं। चिड़िया की माँ उधर दाने की खोज में निकली इधर साँप चिड़िया की ओर।

खाली हाथ किसी के घर जाना बुरी बात है। अपने मतलब की चीज उसके मतलब की बताकर मिलना तो और बुरी बात है। वह क्या है न कि कुछ बुरा करने के लिए भी पहले पहल कुछ अच्छा करना पड़ता है। मेरी खराब नियत 24 कैरेट सोने की तरह चमक रही थी। कई दिनों तक खुफियागिरी करते हुए माँ के घर पर आने-जाने का समय पता लगाया। पता चला चिड़िया की अम्मा अल सुबह निकलती है और देर राती है। प्राइवेट नौकरी जो करती है। प्राइवेट नौकरी में काम कम करवाया जाता है, खून ज्यादा चूसा जाता है। माँ के बहाने लड़की से मिलना काला सच होता है। लड़की समझदार हो तो मतलबियों की चाल-ढाल से ही उसके सियारपन को भांप लेती है। वह समझदार थी। भांप गयी। लेकिन झूठ के आगे किसका बस चलता है। मैंने झूठ का पुलिंदा खड़ा कर दिया। मैरेज ब्यूरो को फोन लगाकर लड़की को फोन थमा दिया। ब्यूरो का भी कोई चरित्र होता है भला। ये पुलिस वालों से भी ज्यादा कमीने होते हैं। पैसा देखकर पुलिस से ज्यादा इनका ईमान डोल जाता है। वह मुझसे कभी नहीं मिले थे। हाँ मेरा पैसा उनसे बहुत बार मिल चुका था। इसीलिए उन्होंने मेरी इतनी तारीफ कर दी कि लड़की के पास विश्वास करने के सिवाय कोई चारा ही नहीं था। वह भी वहीं के कष्ट से मरने वाली कस्टमर थी।

बहुत देर की बातचीत के बाद लड़की ने मीठे-मीठे शब्दों का मायाजाल फेंका। मैं फँसता चला गया। कब शिकार-शिकारी का रोल बदल गया इसका पता दो लाख रुपए हाथों हाथ लेने के तीन दिन बाद पता चला। वह भी उसी झूठे अखबार से जिसमें लिखा था कि शहर में एक माँ-बेटी मैरेज ब्यूरो में झूठा नाम-पता लिखवाकर सियारों का शिकार कर रहे हैं। इस बार अखबार की यह खबर सच्ची थी।

## मनोयोग से करें शिक्षक निपुण लक्ष्य की प्राप्तिः एनपी सिंह

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राज्य शिक्षा परियोजना एवं महानिदेशक बेसिक शिक्षा उप्र के आदेश पर ब्लाक संसाधन केन्द्र रामनगर में प्री प्राइमरी बाबत 52 सप्ताह कलेंडर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री क्षमता संवर्धन तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरु हुआ। शुभारम्भ खंड शिक्षाधिकारी रामनगर एनपी सिंह ने किया।

शुक्रवार को खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने प्री प्राइमरी में आंगनबाड़ी केन्द्रों की भूमिका पर रोशनी डाली। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को केंद्र पर नामांकित बच्चों को निपुण भारत मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति को मनोयोग से शिक्षा देने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्री प्राइमरी एजुकेशन ही शिक्षा का द्वार है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चे शिक्षा


आंगनबाडियों को प्रशिक्षण देते एनपी सिंह।

प्राप्त करेंगे तो कक्षा एक में नामांकन समय भाषायी व अंकीय दक्षता के बेहतर परिणाम मिलेंगे। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों के नामांकन, सामग्री वितरण, परिचय, आनलाइन प्री टेस्ट हुआ। पहले सत्र की शुरुआत सन्दर्भदाता संजय तिवारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं ईसीसीई से किया। सन्दर्भदाता प्रेमसिंह यादव ने निपुण भारत, विद्या प्रवेश स्कूल क्रियान्वयन की चर्चा की। दूसरे सत्र में सन्दर्भदाता श्रीमती पुष्पा सिंह ने पहल परिकलन चहक गतिविधि पुस्तिका उपयोग के बारे में बताया। तृतीय सत्र में सन्दर्भदाता श्रीमती सरोजबाला ने कैलेंडर निर्देशिका उपयोग पर चर्चा की। कार्यक्रम में एआरपी, सन्दर्भदाता, बीआरसी के कर्मचारी मौजूद रहे।

## 35 क्वार्टर शराब समेत दो दबोचे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने कंचन वर्मा पुत्र स्व रामगोपाल वर्मा केवटन पुरवा मजरा तीरधुमाई गंगू के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा शिवमणि मिश्रा व सिपाही धर्मेंद्र कुमार द्वितीय शामिल रहे।

इसी क्रम में मानिकपुर थानाध्यक्ष श्रीमती रीता सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने रामबरन यादव पुत्र रामसिया बौड़ा का पुरवा मजरा ऐंचवारा थाना बहिलपुरवा के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह, सिपाही अनुज दुबे व चंद्रभूषण राय शामिल रहे।


पैदल गस्त करती पुलिस।

## पैदल गस्त कर पुलिस टीमों ने कराया सुरक्षा का एहसास

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह निर्देश पर शान्ति-सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को थाना/चैकी प्रभारियों ने थाना/चैकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त की।

गुरुवार की रात पुलिस टीमों ने पैदल गस्त कर दुकानदारों, व्यापारियों व क्षेत्रीय लोगों से वार्ताकर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त दौरान पुलिस टीम ने सरकारी शराब दुकानों की जांच की। पुलिस टीमों ने दोपहिया व चार पहिया वाहनों की भी जांच की।

पुलिस टीमों ने जांच दौरान लोगों से कहा कि हेलमेट व सीटबेल्ट बिना लगाये यात्रा न करें। घर में लोग आपका इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में हेलमेट लगाकर ही यात्रा करें।

## मार्कंडेय आश्रम मार्ग को मिली वित्तीय मंजूरी

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर क्षेत्र के अमचुर नेरुआ के ठीका कोलान गांव से भेड़ा होते हुए मार्कंडेय आश्रम मार्ग पर डेढ किमी तक नई सड़क बनाने की शासन ने मंजूरी दे दी है।

शुक्रवार को अमचुर नेरुआ से मार्कंडेय आश्रम आने को एक करोड़ 16 लाख लागत से लोनिवि 14 सौ मीटर नई सड़क बनायेगा। दो किमी जर्जर सड़क की मरम्मत कराई जायेगी। आधा दर्जन गांव के ग्रामीणों समेत मार्कंडेय आश्रम आने-जाने वाले श्रद्धालुओं का सफर अब आसान होगा। इस मार्ग के बनने से हजारों लोगों को लाभ मिलेगा।

लंबे समय से ऊबड़खाबड़ रास्ते को बनाने की मांग की जा रही थी। जनप्रतिनिधियों के ध्यान न देने से इस मार्ग को बनने में दिक्कतें हो रही थीं। अब सडक निर्माण को वित्तीय मंजूरी मिलने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है।

## एसपी के निर्देश पर पांच पर मिनी गुंडा एक्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले छोटा पांडेय, धीरज पांडेय पुत्र अंबिका पांडेय, प्रेम पांडेय पुत्र लल्लू निवासी कुसैली, दिनेश मिश्र पुत्र शिवशंकर निवासी रूपौली व शिवबाबू उर्फ शिवबालक पुत्र अशोक निषाद निवासी कनकोटा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है।

## राजगिद्ध नर-मादा जोड़े डाक्टरों की टीम ने पकडे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** गिद्धों को पकड़ने को गोरखपुर से आई टीम को कामयाबी मिली। वन विभाग के रानीपुर टाइगर रिजर्व मारकुंडी रेंज जंगल से राजगिद्ध का नर-मादा जोड़ा पकडा गया है।

शुक्रवार को चित्रकूट जिले के पाठा के जंगलों में लम्बे समय से डाक्टरों ने डेरा डाल रखा था। मशक्कत के बाद गोरखपुर में दुनिया का पहला राजगिद्ध प्रजनन एवं संवर्धन केंद्र बना


राजगिद्ध।

है। चित्रकूट के गिद्धों से गोरखपुर संरक्षण केंद्र आबाद होगा। पिछले वर्ष भी राजगिद्ध के नर-मादा जोड़े पकड़े गये थे। जो गोरखपुर संरक्षण केन्द्र के कुनबे में शोभा बढा रहे हैं। राजगिद्धों के नाम से गिद्धों की सर्वश्रेष्ठ प्रजाति है। पर्यावरण संतुलन में राजगिद्ध की अहम भूमिका है। देश में गिद्धों की संख्या तेजी से घट रही है। ऐसे में सरकार के प्रयास हैं कि अनुकूल स्थानों पर गिद्धों के लिए सेफ जोन बनाया जाये, ताकि उनका वंश बढ़े। वे यहां की आबोहवा को दुरुस्त कर सकें। मप्र सरकार ने गिद्धों की गणना करा रही है। चित्रकूट वन परिक्षेत्र में पांच प्रजाति के तकरीबन 858 गिद्धों की गणना हुई थी।


महिला को सडक पार कराते एसपी वाचक।

## एसपी वाचक ने दिव्यांग महिला को पार कराई सडक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वाचक पुलिस अधीक्षक परितोष दीक्षित ने मानवीय कर्तव्य निभाते हुए असहाय दिव्यांग महिला को सड़क पार करने में मदद की। शुक्रवार को सवेरे पुलिस लाइन प्रयागराज-मानिकपुर रोड़ पर असहाय दिव्यांग महिला हाथ में बैंग लिये अकेली सड़क पार करने को बैठी थी। दिव्यांग महिला अज्ञानतावश प्रयागराज हाइवे खोह तिराहा में बैठी थी। उसे मानिकपुर की ओर जाना था। हाइवे में वाहनों के आवागमन से सड़क पार करने में दिव्यांग महिला को असहाय देखकर निरीक्षक परितोष दीक्षित ने महिला का बैंग पकड़कर उसे सड़क पार कराया और चाय पिलाई। महिला ने पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हादसा आरोपी को दो हजार का जुर्माना

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार रामकिशोर की पैरवी तथा अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते सिविल जज (सीडि) एफटीसी सुश्री सोनम गुप्ता ने कोतवाली कर्वी में दर्ज हादसे के आरोपी हरीशंकर पुत्र सत्यनारायण निवासी भैंरोपागा जनकपुरी रामपुरी मछली मंडी को दो हजार रूपए के जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा से दंडित किया।

## भूमि संरक्षण विभाग खातों में धनराशि भेज लाभार्थी से लेता है रुपये

### सपा नेता अनुज सिंह ने लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव ने सूबे के मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में कहा कि भूमि संरक्षण विभाग चित्रकूट ईकाई ने रामनगर ब्लाक के इटवां व देउंधा के मजरे में तालाब खोदे थे। तालाब की गहराई नाप व भीठा मानक अनुसार नहीं बनाये गये। मानकविहीन तालाबों में जेई फर्जी मेजरमेंट कर लाभार्थी के खातों में भुगतान कराकर निकाल लिया।


सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनुज सिंह यादव।

शुक्रवार को सपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य/पूर्व जिलाध्यक्ष सपा अनुज सिंह यादव ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि इटवां में दो तालाब की 57 हजार रुपये पहली किस्त खाते में भेजकर निकाल ली गई।

मौके पर तालाब नहीं खोदा गया। क्षेत्रीय भ्रमण दौरान संज्ञान में आया कि विभागीय कर्मचारियों ने जिन किसानों ने खुद अपना तालाब मानक अनुरूप कराते हैं, उन किसानों को भुगतान नहीं देते। भुगतान की एवज में पच्चीस से तीस हजार रूपये मांगे जाते है। पैसा लेने के बाद ही भुगतान होता है। जिन तालाबों की खुदाई कार्य विभागीय कर्मचारियों ने चहेते लोगों से कराते हैं। मानक विपरीत कार्य होने पर भी भुगतान कराकर पचास फीसदी कमीशन लिया जा रहा है। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि मामले की जांच उच्च स्तरीय टीम से कराई जाये। इस मामले में उप्र शासन के मुख्यमंत्री के उप सचिव अवरिन्द मोहन ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आवश्यक कार्यवाही की अपेक्षा की है।

## सरकारी नीतियां पस्त-एआरटीओ मस्त, नहीं बन्द हो रही अवैध वसूली

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** योगी सरकार में सरकारी कार्यालयों में आमजनता के कोई कार्य बिना घूसखोरी के नहीं होते, सरकार के भ्रष्टाचार जीरो टॉलरेंस के दावे हवा-हवाई हैं।

शुक्रवार को जिले में एआरटीओ विवेक शुक्ला ने सरकार के जीरो टालरेंस के दावों की हवा निकाल दी है। हालात ऐसे हैं कि एआरटीओ कार्यालय में वाहन स्वामियों को हर कार्य में अवैध वसूली देनी पडती है। एआरटीओ की शासन स्तर पर तमाम शिकायतें की गई हैं। शासन-प्रशासन अवैध वसूली में अंकुश नहीं लगा पा रहा। अब लोग सरकार की नीतियों पर सवाल उडा रहे हैं। जिले में बड़े पैमाने पर ओवरलोडिंग हो रही है। बिना नंबर प्लेट के वाहन दिन-रात सड़कों पर दौड़ रहे हैं। एआरटीओ सप्ताह में एक या दो दिन कुछ समय को कार्यालय में बैठते हैं। अन्य दिनों में वह प्रयागराज स्थित घर में रहते हैं। एआरटीओ कार्यालय से लेकर सड़क की वसूली में अधिकारी के खास लोग लगे हैं। दो वाहन स्वामियों की पांच माह से फाइलें एआरटीओ कार्यालय से गायब हैं। अब एआरटीओ गायब फाइलों की तलाश नहीं करा सके हैं। योगी सरकार ने अवैध वाहन स्टैंड संचालन पर सख्ती से रोक के आदेश जारी किये हैं। जिले में योगी सरकार का ये आदेश दम तोड रहा है। बिना परमिट प्राईवेट बसों व जीपों का संचालन खुलेआम धडल्ले से जारी है। एआरटीओ विवेक शुक्ला सरकार की नीतियों पर भारी पड रहे हैं। इस बारे में एआरटीओ विवेक शुक्ला से बात करने को तीन बार फोन लगाया, उन्होंने फोन उठाने की जरूरत नहीं समझी।

## तबादले के बाद भी लेखाकारों को नहीं कर रहे कार्यमुक्त

### भुगतान में लेखाकार करते हैं कमीशनखोरी


अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** वित्तीय लेखाजोखा रखने को प्रत्येक ब्लाक में लेखाकर नियुक्त हैं। ये लेखाकर अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत से मनमानी ढंग से कमीशनखोरी कर भुगतान करते हैं। लाखों रुपये की चल-अचल संपत्ति के लेखाकार मालिक बने हैं। इनकी जांच कराने को समाजसेवी ने लोक आयुक्त को पत्र भेजा है।

शुक्रवार को रामनगर व मऊ ब्लाक के लेखाकर का पदभार संभालने वाले अतुलकांत खरे ने चहेते ठेकेदारों के नाम भुगतान कर कमीशनखोरी की है। लाखों रुपये की चल-अचल संपत्ति बनाई है। मानिकपुर व पहाड़ी ब्लाक के लेखाकार रमेश कुमार कुशवाहा ने फर्जीवाड़ा कर लाखों की चल-अचल संपत्ति बनाई है। इन लेखाकारों ने मनरेगा, पंचम वित्त, पंद्रहवें वित्त, केंद्रीय वित्त, सांसद निधि, विधायक निधि, बुंदेलखंड विकास निधि, नीति आयोग, अटल भूजल योजना व गौवंश भरण-पोषण आदि के कार्य देख रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत से भुगतान के नाम पर कमीशनखोरी कर लाखों की चल-अचल संपत्ति

### समाजसेवी ने लोक आयुक्त से की सम्पत्तियों की जांच की मांग

बनाई है। लेखाकर अतुलकान्त खरे व लेखाकर रमेश कुमार कुशवाहा का तबादला अन्य जिले में हुआ है। चित्रकूट से इस कदर मोह है कि जिला विकास अधिकारी इन्हें कार्यमुक्त नहीं कर रहे। शासन के नियम अनुसार एक सप्ताह में कार्यमुक्त होना जरूरी है। जिला विकास अधिकारी के कमाऊ पूत होने से लेखाकारों के तबादले के बाद भी कार्यमुक्त न किया जाना शासन के नियमों का उल्लंघन है। जिला विकास अधिकारी कुछ माह बाद सेवानिवृत्त होने वाले हैं। लेखाकारों के तबादले के बाद भी कार्यमुक्त नहीं करना चाहते। लेखाकारों की आड़ में डीडीओ अपनी संपत्तियों में इजाफा तो नहीं कर रहे। लेखाकर बिना भय के विभिन्न योजनाओं में कमीशनखोरी कर भुगतान कर रहे हैं। समाजसेवी संजय राणा ने लोक आयुक्त को लिखे पत्र में लेखाकर अतुलकान्त खरे व रमेश कुमार कुशवाहा के फर्जीवाड़ा व कमीशनखोरी कर जुटाई चल-अचल संपत्तियों की जांच की मांग की है।


कर्वी नगर अध्यक्ष का जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत।

## नगर अध्यक्षों का स्वागत करते सपा जिलाध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सपा ने चारों नगर अध्यक्षों का सपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने स्वागत कर जिम्मेदारी सौंपी।

शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव व पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, महामंत्री एसएन पटेल ने कर्वी नगर अध्यक्ष/पूर्व वार्ड मेम्बर रामनरेश अग्रहरि, राजापुर नगर अध्यक्ष शमीर विश्वकर्मा, मऊ नगर अध्यक्ष सुबोध शुक्ला व मानिकपुर नगर अध्यक्ष रोहित अग्रहरि को नामित किया है। पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में सपा जिला कार्यालय में चारों नगर अध्यक्षों का स्वागत कर जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि अपनी नगर कार्यकारिणी जल्द गठित कर जिला कमेटी को सौंपे।

## पुलिस ने दम्पति में कराई सुलह

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में आपसी पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर एक दम्पति में सुलह कराई।

शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के बंधोइन गांव के छोटेलाल पुत्र बद्री प्रसाद ने पुत्री के पति संतलाल पुत्र संतोष कुमार व ससुरालीजनों मैदाना मऊ के विरुद्ध गाली-गलौज, मारपीट व दहेज की मांग करने बाबत पत्र एसपी को दिया था। एसपी ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को भेजा। केन्द्र प्रभारी/दरोगा श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही अनामिका सिंह ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की राय दी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया। दम्पति ने एक-दूसरे को फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर घर गये।


सुलह कराती पुलिस।

## हरिजन शब्द पर संजय राणा ने जताई आपत्ति

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सर्वोच्च न्यायालय ने अनुसूचित जाति के लोगों को हरिजन लिखने व कहने पर कडी कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन पर पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही।

प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा परशुराम यादव की टीम ने सुनील पुत्र भुलुक्कू दरसेंडा को एक किलो दो सौ ग्राम गांजा समेत गुरुवार को पकडा था। गांजे के साथ पकड़े सुनील के पिता भुलुक्कू के नाम के आगे हरिजन का प्रयोग कर प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। थाना प्रभारी व दरोगा समेत प्रेस विज्ञप्ति को सोशल मीडिया से ग्रुप में भेजने वाले सभी दोषी हैं। अनुसूचित जाति को हरिजन लिखकर अपमानित करने पर पत्रकार/सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह राणा ने कड़ी आपत्ति जताई है। शासन-प्रशासन समेत जिम्मेदारों पर हरिजन लिखकर अपमानित करने वाले दोषी लोगों पर कार्यवाही की मांग की है।

# इजराइली सुरक्षा बलों ने गाजा शहर में भीड़ पर चलाई गोली, 100 से ज्यादा की मौत

**गाजा।** इजराइली सुरक्षा बलों ने कल गाजा शहर में मदद लेकर पहुंचे ट्रकों के पास अचानक एकत्र हुई भीड़ पर गोलियों की बौछार कर दी। इस गोलीबारी में कम से कम 100 से लोग मारे गए और लगभग 700 घायल हो गए। अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी फिलिस्तीनी प्राधिकरण समाचार एजेंसी और एक इजरायली अधिकारी के हवाले से दी।

रिपोर्ट के अनुसार, यह सब अचानक हुआ। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा, इस "नरसंहार" में 100 से अधिक लोग मारे गए और 700 से अधिक घायल हो गए। इजराइली टैंकों ने हजारों मशीनगनों से गोलीबारी की। यह भीड़ सहायता आने की प्रतीक्षा कर रही थी। एक इजराइली अधिकारी ने स्वीकार किया कि सैनिकों ने गोलीबारी की और अधिकांश लोग भगदड़ में मारे गए या घायल हुए।



इजराइली सेना ने कहा है कि गाजावासी सहायता ट्रकों को घेरकर आपूर्ति लूट रहे थे। इस घटनाक्रम पर हमास के एक कमांडर ने चेतावनी दी कि इससे संघर्ष विराम वार्ता पटरी से उतर सकती है। उल्लेखनीय है कि इजराइल और फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के बीच गाजा में सात अक्टूबर से युद्ध छिड़ा हुआ है। गाजा में मरने वालों की संख्या 30,000 हो चुकी है।

## बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आग लगने से 44 लोगों की मौत



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देररात आग लगने से कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई और इससे ज्यादा व्यक्ति झुलस गए। इनमें से कई की हालत नाजुक है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। झुलसे लोगों को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। स्वास्थ्यमंत्री सामंत लाल सेन ने अस्पताल का दौरा किया है। बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, यह आग राजधानी ढाका के बेली रोड स्थित सात मंजिला व्यावसायिक इमारत में लगी। इस आग में छह रेस्तरां, गैजेट, गियर और इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग का आउटलेट, एलीन नामक कपड़े का शोरूम आदि राख हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग पहली मंजिल से शुरू हुई और लपटों ने तेजी से सभी मंजिलों को अपनी चपेट में ले लिया।

स्वास्थ्यमंत्री डॉ. सामंत लाल सेन, ढाका-8 के सांसद एएफएम बहाउद्दीन नसीम और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया। स्वास्थ्यमंत्री सेन ने रात दो बजे मीडिया को बताया कि 33 शवों को ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रखा गया है। 10 अन्य की मौत शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में हुई है। झुलसे हुए एक व्यक्ति ने सेंट्रल पुलिस हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। दमकल विभाग ने कहा कि ज्यादातर लोगों की मौत इमारत से कूदने या झुलसने या दम घुटने से हुई। रात लगभग 12:30 बजे आग पर नियंत्रण पाल लिया गया। इस दौरान इमारत में फंसे 70 से अधिक लोगों को बचा लिया गया।

## नेपाल में टिकटॉक ब्लॉक नहीं करने वाली इंटरनेट कंपनियों पर कार्रवाई की मांग

**नेपाल।** चीन के सबसे चर्चित ऐप टिकटॉक के खिलाफ नेपाल के सांसदों ने संसद में एक बार फिर आवाज बुलंद की है। सांसदों ने टिकटॉक ऐप को ब्लॉक नहीं करने वाली इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है। प्रतिनिधि सभा में जनता समाजवादी पार्टी के सदस्य प्रदीप यादव ने शुक्रवार को यह मुद्दा उठाया। यादव ने सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद कुछ इंटरनेट सेवा प्रदाता (आईएसपी) कंपनियों के टिकटॉक को ब्लॉक नहीं किए जाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने सरकार से तत्काल ऐसी कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेश के बावजूद अगर निजी कंपनी इस तरह की हरकत कर रही हैं तो यह बहुत ही गंभीर मामला है। यादव ने कहा कि टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के पीछे सुरक्षा भी एक कारण था और आईएसपी कंपनियों के द्वारा इसको नजरअंदाज करने का मतलब सुरक्षा को चुनौती देना है। यादव ने कहा कि टिकटॉक को ब्लॉक नहीं किए जाने के कारण सामाजिक एवं धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली कई सामग्रियां अभी भी टिकटॉक के जरिए धड़ल्ले से वाइरल की जा रही हैं। पिछले दिनों कई स्थानों पर धार्मिक भावनाएं भड़काने में टिकटॉक की भूमिका देखी गई थी। उन्होंने तुरंत ऐसे सामग्रियों को हटाने के लिए टिकटॉक पर लगे प्रतिबंध को कड़ाई से साथ लागू करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि भारत की तरह नेपाल ने पिछले साल चीन के सबसे चर्चित ऐप टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया था।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को नई दिल्ली से देशभर में स्थित सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इनमें से एक केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के विभागीय आवासीय परिसर भी है। सीतारमण ने वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग के केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के लिए हरियाणा में फरीदाबाद के सेक्टर-28 में 198 क्वार्टर वाले आवासीय परिसर का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की वर्चुअल आधारशिला भी रखी। वित्त मंत्री ने मध्यम और वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को पर्याप्त आवास सुविधा मुहैया कराने के लिए नई दिल्ली में द्वारका के सेक्टर-9 में 256 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर का उद्घाटन किया। इसके अलावा केंद्रीय वित्त मंत्री ने वित्तीय सेवा विभाग के लिए भारतीय स्टेट बैंक के नए स्थानीय प्रधान कार्यालय भवन, भारतीय जीवन बीमा निगम के अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र भवन गुजरात के गांधी नगर स्थित गिफ्ट सिटी में केनरा बैंक की आईएफएससी बैंकिंग इकाई और चेन्नई में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नए प्रधान कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। ये बुनियादी ढांचा पहल गिफ्ट सिटी में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को अत्याधुनिक मुख्यालय भवन प्रदान करेंगी।इस अवसर पर वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के सचिव संजय मल्होत्रा, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव विवेक जोशी, सीबीडीटी के अध्यक्ष नितिन गुप्ता, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, एलआईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के अधिकारी, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस और कैनरा बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## भारत-नेपाल क्रॉस बॉर्डर पेमेंट : यूपीआई के बाद अब बैंक खाते में घर बैठे सीधे पैसे ट्रांसफर की सुविधा जल्द

**नेपाल।** भारत और नेपाल के बीच डिजिटल पेमेंट सेवा शुरू होने के बाद अब दोनों देशों के नागरिकों को घर बैठे सीधे बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने की सुविधा भी जल्द ही शुरू होने जा रही है। नेपाल आने वाले भारतीयों को ई-वालेट और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए डिजिटल भुगतान की सुविधा शुरू होने के बाद अब सीधे बैंक खाते में क्रॉस बॉर्डर पेमेंट सिस्टम पर भी काम पूरा किया जा चुका है। दोनों देशों की स्वीकृति के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। नेपाल क्लियरिंग हाउस लिमिटेड (एनसीएचएल) ने क्रॉस बॉर्डर पेमेंट सिस्टम के लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है जिसका सफल परीक्षण कर लिया गया है। एनसीएचएल के सीईओ नीलेश मानसिंह प्रधान ने शुक्रवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि इस सॉफ्टवेयर के सफल परीक्षण के बाद इसे दोनों देशों के सरकारी निकाय को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। नेपाल राष्ट्र बैंक के अंतर्गत कार्य करने वाले एनसीएचएल को स्वीकृति मिलने के एक मीने के भीतर ही यह लागू हो जाएगा।




प्रधान ने कहा कि इस प्रणाली के लागू होने के बाद नेपाल के नागरिक भारत में और भारत के नागरिक नेपाल में अपने बैंक खाते से दूसरे देश के खाते में सीधे पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। दोनों देशों में कारोबार करने वाले व्यापारियों को इसका सबसे अधिक लाभ मिलेगा। इस समय भारत से नेपाल में सामान आयात या निर्यात करने पर बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं और उसके लिए एक लंबी प्रक्रिया से गुजरना करना पड़ता है। क्रॉस बॉर्डर पेमेंट सिस्टम लागू होने के बाद वो सीधे अपने खाते में पैसे रिसीव कर सकते हैं या भेज सकते हैं। एनसीएचएल की तरफ से यह भी बताया गया है कि नेपाल से भारत में पढ़ने जाने वाले छात्रों, इलाज के लिए जाने वाले मरीजों और भारत में काम करने वाले नेपाली नागरिकों को भी बहुत सुविधा होगी।

इस समय नेपाल से भारत के किसी बैंक में पैसे भेजने के लिए एक दिन में 10 हजार रुपये और एक महीनें में 50 हजार रुपये की सीमा तय है। वहीं, भारत से नेपाल के किसी बैंक में पैसे ट्रांसफर करने के लिए बैंक के ब्रांच में जाकर एक फार्म भरना पड़ता है। उसके बाद ही पैसे ट्रांसफर होता है। वहीं, जब क्रॉस बॉर्डर पेमेंट सिस्टम लागू हो जाएगा तो छात्रों को एडमिशन के लिए एकमुश्त पैसे भेजने या इलाज के लिए अस्पतालों में भुगतान में कोई बाधा नहीं आएगी। इसके लिए बैंक जाने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। सीईओ प्रधान ने कहा कि भुगतान के समय कुछ सेवा शुल्क का भी निर्धारण किया जाएगा।

## राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष पद पर नेपाली कांग्रेस की दावेदारी गलत: माधव नेपाल

**नेपाल।** नेपाल में नेकपा (माओवादी) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के दो प्रमुख घटक दलों में संसद के उच्च सदन राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष पद को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। इस बीच एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के विपक्षी दल के नेताओं के साथ मंच साझा करने से नेपाल की राजनीति में कई प्रकार की अटकलें लगने लगी हैं। राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष पद पर नेकपा (माओवादी) और सत्तारूढ़ गठबंधन की प्रमुख घटक नेपाली कांग्रेस दावा कर रही हैं। इसी बीच सत्तारूढ़ गठबंधन के एक प्रमुख नेता पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल ने शुक्रवार को भरतपुर में कहा कि राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष पद पर नेपाली कांग्रेस की दावेदारी गलत है। गठबंधन बचाने के लिए नेपाली कांग्रेस को अपनी जिद छोड़नी होगी।इस बीच प्रधानमंत्री प्रचंड ने भरतपुर भ्रमण वर्ष के एक कार्यक्रम में विपक्षी दलों के साथ मंच साझा किया। प्रचंड की पुत्री एवं भरतपुर नगरपालिका की मेयर रेणु दाहाल के निमंत्रण पर मुख्य विपक्षी दल नेकपा (एमाले) के नेता केपी शर्मा ओली और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने एक ही कार्यक्रम में मंच साझा किया। मंच पर प्रचंड भी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने गुरुवार शाम को ही गठबंधन के घटक दलों में बदलाव करने का संकेत दिया था। प्रधानमंत्री के इस संकेत के बाद माधव कुमार नेपाल ने कहा है कि गठबंधन को लेकर नेपाली कांग्रेस के नेताओं को ईमानदारी का परिचय देना चाहिए। उनके एक बडे. नेता के द्वारा प्रधानमंत्री की आलोचना करना और बार-बार उन्हें पद से हटाने की बात करना गलत है।

## एफआईयू ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर लगाया 5.49 करोड़ रुपये का जुमार्ना

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ऑफ इंडिया (एफआईयू-आईएनडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर 5.49 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया है।

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में बताया कि फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ऑफ इंडिया ने पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत नियमों के उल्लंघन करने के कारण 5.49 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुमार्ना लगाया है। मंत्रालय के मुताबिक एफआईयू ने 15 फरवरी को जुमार्ना लगाने का आदेश पारित किया था।




मंत्रालय के मुताबिक अवैध गतिविधियों में लिप्त इकाइयों की ओर से पेटीएम पेमेंट्स बैंक में रखे धन का इस्तेमाल किया गया। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इन अवैध परिचालनों से प्राप्त धन, यानी अपराध की आय का लेन-देन पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के खातों के माध्यम से किया गया।

उल्लेखनीय है कि पीपीबीएल पर एफआईयू ने ये कार्रवाई आरबीआई के 31 जनवरी के उस निर्देश के बाद की है, जिसमें पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड को अपने ग्राहकों के खातों में 29 फरवरी से ताजा जमा स्वीकार करने से रोक दिया गया था। बाद में यह तिथि बढ़ाकर 15 मार्च कर दी गई।

## पुतिन ने कहा–अमेरिका के साथ रूस वार्ता को तैयार

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अमेरिका के प्रति स्वर नरम और बदले-बदले नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ रूस हथियार-नियंत्रण वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने यह घोषणा अपने वार्षिक राष्ट्र के नाम संदेश में की। पुतिन के राष्ट्र के नाम संदेश का देश में सीधा प्रसारण किया गया।अमेरिकी समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पुतिन ने कहा कि पश्चिम आज परमाणु संघर्ष का जोखिम उठा रहा है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि अगर पश्चिमी देशों ने यूक्रेन युद्ध में अधिक सीधा हस्तक्षेप किया तो उसे परमाणु प्रतिक्रिया की संभावना का सामना करना पड़ेगा। रूसी नेता ने इस सप्ताह फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो की टिप्पणियों की ओर इशारा किया, जिसमें यूक्रेन में नाटो सेना भेजने की संभावना जताई गई थी। पुतिन ने कहा कि नाटो देश जो इस तरह के कदम पर विचार कर रहे हैं, उन्हें यह समझना चाहिए कि इस संघर्ष से सभ्यता के विनाश का खतरा पैदा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि दो साल पहले यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से पुतिन ने बार-बार पश्चिम के खिलाफ परोक्ष परमाणु युद्ध की धमकी दी हैं। लेकिन अब उनके रुख में कुछ बदलाव हुआ है। वह अमेरिका के साथ हथियार-नियंत्रण वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। उधर, अमेरिका, यूक्रेन को हथियार प्रदान करने पर फिर विचार कर रहा है।



## ओप्पो ने लॉन्च किया एफ पच्चीस प्रो 5जी

**जयपुर।** ओप्पो इंडिया ने एफ पच्चीस प्रो 5जी को दो स्टोरेज वेरिएंट में लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन जो नए लावा रेड रंग में मिलेगा। उसमें फ्रंट और रियर शूटर पर 4के वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 64 एमपी का रियर ट्रिपल-कैमरा सेटअप है। ओप्पो इंडिया में प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस के डायरेक्टर सवियो डिसूजा ने बताया कि एफ पच्चीस प्रो 5जी फ्रंट और रियर दोनों कैमरों पर 4के वीडियो रिकॉर्डिंग,एक मजबूत, साफ सुथरा बॉर्डरलेस डिस्प्ले आदि कई प्रीमियम सुविधाओं से बना है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद नेपाल में लॉरेट्स एवं लीडर्स समिट को करेंगे संबोधित

**नेपाल।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद नेपाल के लुम्बिनी में 11-12 मार्च को आयोजित होने वाले लॉरेट्स एंड लीडर्स समिट 2024 को संबोधित करेंगे।

लुम्बिनी राज्य सरकार के तत्वावधान में 11 एवं 12 मार्च को लॉरेट्स एंड लीडर्स समिट 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाले नौ विजेताओं को भी आमंत्रित किया गया है। बच्चों के विकास और शांति के लिए आयोजित शिखर सम्मेलन में पूर्व राष्ट्रपति कोविंद को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। लुम्बिनी राज्य के मुख्यमंत्री डिल्ली बहादुर चौधरी ने मीडियाकर्मियों को बताया कि पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए अपनी स्वीकृति दे दी है। कोविंद बतौर मुख्य अतिथि इस आयोजन में सहभागी होंगे। इस कार्यक्रम में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन चीन के विरोध के कारण उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। मुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि चीन के विरोध के बाद दलाई लामा को बुलाने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। साथ ही पहले यह कार्यक्रम 10 मार्च को ही शुरू होना था लेकिन चीन की आपत्ति के बाद इसे 11-12 मार्च को आयोजित किया जाएगा। तिब्बतियों द्वारा हर साल 10 मार्च को तिब्बत अपराइजिंग डे के रूप में मनाया जाता है। चीन ने इसी दिन कार्यक्रम कर दलाई लामा को आमंत्रित करने पर अपना विरोध जताया था।

बाद में संघीय सरकार के हस्तक्षेप के बाद इसे एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि लॉरेट्स एंड लीडर्स संस्था का मुख्यालय अमेरिका में है। इस संस्था के अध्यक्ष नोबेल पुरस्कार विजेता भारतीय नागरिक कैलाश सत्यार्थी हैं। उनकी ही पहल पर लुम्बिनी सरकार ने इस समिट का आयोजन किया है।